26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025

अंक- 03 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# जस्टिस सूर्यकांत होंगे देश के अगले मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को अगले मुख्य न्यायाधीश के लिए जस्टिस सूर्यकांत के नाम का प्रस्ताव भेजा है। दरअसल, सीजेआई गवई ने 23 नवंबर को पद से मुक्त हो रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के मुख्य न्यायाधीश के बाद सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और भारतीय न्यायपालिका के प्रमुख बनने की कतार में अगले स्थान पर हैं। नियुक्ति के बाद, न्यायमूर्ति सूर्यकांत 24 नवंबर को अगले मुख्य न्यायाधीश बनेंगे और 9 फरवरी, 2027 तक लगभग 15 महीने तक इस पद पर बने रहेंगे। उन्होंने प्रारंभिक पढ़ाई गांव के स्कूल से पूरी की और गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, हिसार से 1981 में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से 1984 में कानून (एलएलबी) की पढ़ाई पूरी की। इसी वर्ष उन्होंने हिसार के जिला न्यायालय में वकालत शुरू की और 1985 में चंडीगढ़ स्थित पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। जल्द ही उन्होंने सांविधानिक, सेवा और नागरिक मामलों में अपनी गहरी समझ और सशक्त दलीलों से पहचान बनाई।



# डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच सीबीआई को सौंपने के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट, सभी राज्यों से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** देशभर में तेजी से बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट घोटालों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने कहा है कि ऐसे मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को सौंपी जा सकती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस तरह के मामलों में दर्ज FIR की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने कहा कि इन अपराधों की व्यापकता और देशव्यापी नेटवर्क को देखते हुए अब जांच का दायरा सीबीआई के स्तर पर बढ़ाया जाना जरूरी है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि इन साइबर अपराधों की जड़ें म्यांमार और थाईलैंड जैसे विदेशी ठिकानों से जुड़ी हुई हैं। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह इन मामलों की जांच के लिए एक ठोस कार्य योजना तैयार करें और कोर्ट को प्रस्तुत करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम सीबीआई की जांच की प्रगति की निगरानी करेंगे और जरूरत पड़ने पर आगे के निर्देश भी जारी करेंगे। इसके साथ ही कोर्ट ने एजेंसी से यह भी पूछा कि क्या उन्हें इन मामलों की जांच के लिए अधिक संसाधन या विशेषज्ञों की आवश्यकता है।



सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी याद दिलाया कि उसने 17 अक्टूबर को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रही ऑनलाइन ठगी पर स्वत: संज्ञान लिया था। कोर्ट ने कहा था कि ऐसे अपराध जनता के न्याय व्यवस्था पर भरोसे की जड़ पर वार करते हैं।

यह मामला तब चर्चा में आया जब हरियाणा के अंबाला में एक वरिष्ठ नागरिक दंपति को फर्जी न्यायिक आदेश दिखाकर 1.05 करोड़ रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। कोर्ट ने कहा कि यह कोई सामान्य अपराध नहीं है, बल्कि एक ऐसा नेटवर्क है जिसके खिलाफ राज्य और केंद्र दोनों स्तरों पर समन्वित कार्रवाई जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट अब 3 नवंबर को इस मामले की अगली सुनवाई करेगा।

प्लॉट बिकाऊ है

तुलाज मार्केट

निकट नगीना चौराहा, किरतपुर में दो प्लॉट बिकाऊ हैं

1- 20X24 = 53 गज रोड 16 फीट

2- 30X47.5 =160 गज रोड 18 फीट

फर्स्ट रोड पर हाईवे से 2 प्लॉट छोड़कर

सम्पर्क करें- 9410433737

आवश्यकता है

हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। (घरेलू कार्य के लिये)

सम्पर्क करें- 8191819148

महिला ड्राइवर की आवश्यकता है

मौ. जाटान, घेर राम बाग बिजनौर में एक कुशल महिला ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-

मो. 8273743837

आवश्यकता

लेपटॉप चलाना जानता हो।

पुरुष/महिला

सम्पर्क करें- 8923860548, 9897554308

Now In Bijnor

Carrier Midea

CARRIER MIDEA INDIA

(Air Conditioners)

For Trade Enquries called

Authorised Distributor

VINSUR PRODUCTS

Geeta Nagari, Bijnor 246701

Mob.: 9219690223

गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

अब आपका घर कमाएगा

TATA POWER SOLAROOF

सोलारूफ़ लगाएं घर को अर्निंग मेम्बर बनाएं.

पहले महीने से ही 50% तक की बिजली के खर्चे बचाएं, ऐसा लगे कि छत प्रॉफिट पार्टनर बन जाए।

पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना

निजी आवासों में ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावरप्लांट



उपभोक्ता के संयंत्र मूल्य की पे-बैक अवधि 3-4 वर्ष

कृपया ऑनलाइन आवेदन नेशनल पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in पर करें।

टाटा पावर का विश्वास

बैंक द्वारा फाईनेंस की सुविधा

• 5 साल की वारंटी • सोलर रूफटॉप सिस्टम के लिए इंश्योरेंस

• हर मौसम से सुरक्षित और जोखिम-रहित इंस्टॉलेशन

SATYAM ENTERPRISES

EMPANELED VENDOR OF MNRE, GOVT. OF INDIA & UPNEDA

22-23, आवास विकास मार्केट, पीली कोठी, मुरादाबाद।

Toll Free- 1800-203-6016, Mob.: 9412346002, 9412216140

E-mail : satyam.mbd@gmail.com I Web.: www.kaumosolar.com



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025**

मेष- प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, आत्मविश्वास में वृद्धि, कुछेक मसला सुलझने की ओर, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, मनोरंजन में प्रवृत्ति, आर्थिक प्रगति।

वृषभ- समस्याओं से अशांति, प्रेम संबंधो में मनमुटाव, कर्ज की अधिकता, अकेलेपन की अनुभूति, साहसिक प्रयास निरर्थक, धर्म के प्रति रुचि।

मिथुन- सामयिक सिद्धि का प्रयास, प्रियजनों से विचार-विमर्श, शारीरिक सुख, व्यक्ति विशेष के संदर्भ में स्वयं का निर्णय लाभप्रद, विवाद की निवृत्ति।

कर्क- महत्वपूर्ण योजना पर कार्यारम्भ, सामाजिक गतिविधियो में अभिरुचि, आपसी सामंजस्य, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, कार्यक्षमता में वृद्धि।

सिंह- व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, सद्‌विचारों का उदय, सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग, आत्मिक शांति, मनोरंजन की ओर रुझान, आनन्द की अनुभूति।

कन्या- मनोबल की कमी, स्वास्थ्य में शिथिलता, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, उन्नति का मार्ग अवरुद्ध, यात्रा में निराशा, विरोधी प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत।

तुला- व्यावसायिक सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, मानसिक शांति, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सुखद।

वृश्चिक- ग्रहयोग बेहतर, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, सुसमाचार मिलने से खुशी, परिवार में सुख-शांति का माहौल, शुभ कृत्य संपादित, धर्म में रुचि।

धनु- वांछित प्रगति का मार्ग प्रशस्त, पुरातन विवाद का समापन, मौज-मस्ती में व्यय, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातवरण, आकस्मिक लाभ।

मकर- कार्य-व्यवसाय में परेशानी, आर्थिक पक्ष से असंतोष, आत्मीय जनों से अनबन, शारीरिक कष्ट, पठन-पाठन में अरुचि, आपसी संबंधों में वैमनस्यता।

कुम्भ- आरोग्य सुख, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, स्वयं का निर्णय हितकर, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, ज्ञान-विज्ञान की ओर अभिरुचि, यात्रा प्रसंग।

मीन- सामयिक सिद्धि का प्रयास, इच्छित पद की प्राप्ति, पारस्परिक संबंधों में मधुरता, आनन्द की अनुभूति, व्यापारिक लाभ, अध्ययन की ओर रुचि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# स्वाहेड़ी में अब गूंजती हैं वेदों की ऋचाएं

## 44 साल से लगातार हो रहा है यज्ञ, युवा दे रहे वैदिक संस्कृति को बढ़ावा



यज्ञ में आहूति देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी।



जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी का स्वागत करते हुए महिलाएं।

**अनिल चौधरी**

**बिजनौर (चिंगारी)।** क्षेत्र के बहुचर्चित ग्राम स्वाहेड़ी का वातावरण अब भक्तिमय रहता है तथा वेदों की ऋचाएं गूंजती हैं। बच्चे और युवा भी वैदिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए गांव में हर वर्ष होने वाले महायज्ञ में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं, जिससे न केवल पर्यावरण की शुद्धि हो रही है, बल्कि युवाओं का आध्यात्मिक विकास और कल्याण हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम स्वाहेड़ी कुछ वर्ष पूर्व तक लड़ाई-झगड़ों तथा दबंगई आदि के लिए चर्चित था, लेकिन अब माहौल बदल चुका है। गांव में भक्तिमय माहौल बढ़ता जा रहा है। युवाओं सहित सभी लोग धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। युवा वर्ग न केवल पढ़ाई-लिखाई के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, बल्कि आध्यात्मिक क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर रुचि ले रहा है, जिससे उनका न केवल आध्यात्मिक विकास हो रहा है, बल्कि उन्हें आरोग्यता, तेजस्विता, यश और सफलता की प्राप्ति हो रही है।

आर्य समाज के तत्वावधान में विगत 44 वर्षों से हर वर्ष गांव में महायज्ञ होता है। गांव, क्षेत्र तथा दूर दराज से आए हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष यज्ञ में आहुति देते हैं तथा धर्म लाभ कमाते हैं। इसी क्रम में रविवार को गांव में 251 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र सहित दूरदराज से आये हजारों श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में आहुति दी तथा सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई। महायज्ञ में न केवल आम व्यक्ति, बल्कि न्यायिक, प्रशासनिक अधिकारी, राजनेता, अधिवक्ता, समाजसेवी, पत्रकार, बुद्धिजीवी सभी वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। महायज्ञ में मन्त्रोचारण की ध्वनि से वातावरण गूंज उठा, बल्कि सुगंधित भी हो गया।

आर्य समाज से वर्षो से जुड़े राजाराम सिंह आर्य, घसीटा सिंह आर्य, जगराम सिंह आर्य, डॉक्टर विद्यासागर आर्य, जयवीर सिंह आर्य, देवेंद्र सिंह आर्य, उदयवीर सिंह आर्य, मनदीप सिंह आर्य, नरेंद्र सिंह आर्य, जयपाल सिंह आर्य, ब्रजवीर सिंह आर्य, महिपाल सिंह आर्य, अंकुर आर्य, विपिन आर्य, युवराज सिंह आर्य आदि बताते हैं कि गांव में पिछले 44 साल से लगातार महायज्ञ का आयोजन होता आ रहा है। उन्होंने बताया कि यज्ञ देवताओं को प्रसन्न करने, आत्मा को शुद्ध करने, सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करने और पर्यावरण को शुद्ध करने का एक शक्तिशाली अनुष्ठान है। यज्ञ से आध्यात्मिक संपदा प्राप्त होती है तथा मनोकामनाएं पूरी होती हैं। लोगों में प्रेम व



महायज्ञ से पूर्व ध्वजारोहण करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप व आर्यजन।

भाईचारे की भावना बढ़ती है। यज्ञ के सुगंधित धुएं में रोगाणुओं को मारने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की



स्वामी ओमवेश का स्वागत करते हुए आर्यबंधु।

क्षमता होती है। इससे मानसिक शांति और कार्य कुशलता को बढ़ावा मिलता है। यज्ञ करने से आध्यात्मिक विकास और कल्याण को बढ़ावा मिलता है। यज्ञ प्राकृतिक व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक है, जिससे गांव का माहौल तथा छवि बहुत बेहतर हुई है, जिससे ग्राम स्वाहेड़ी जनपद के आध्यात्मिक, अच्छे तथा अग्रणी ग्रामों में शुमार होता है।

महायज्ञ की खास बात यह भी रही कि यहां कोई खास या आम नहीं था, सभी जाति, धर्म, वर्ग के लोगों को बराबर दर्जा दिया गया तथा कोई भी श्रद्धालु किसी भी यजवेदी पर बैठकर यज्ञ कर सकता था, जिससे सभी को समानता का आभास रहा।

> महायज्ञ में न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं, अधिवक्ताओं, व्यापारियों, बुद्धिजीवियों की उपस्थिति ने यज्ञ को गरिमापूर्ण बना दिया।

## नई ऊर्जा का संचार कर गया महायज्ञ

**बिजनौर (चिंगारी)।** रविवार को ग्राम स्वाहेड़ी में हुआ महायज्ञ श्रद्धालुओं में आध्यात्मिकता, सद्‌भाव, समानता व भाईचारे की भावना के साथ नई ऊर्जा का संचार कर गया। महायज्ञ की व्यवस्था में लगे स्वयंसेवी युवाओं, बच्चों का सेवाभाव, अनुशासन तथा लगन की भावना देखते ही बन रही रही थी। जिस कारण 251 कुण्डीय महायज्ञ की वेदियों पर हवन सामग्री समुचित मात्र में उपलब्ध रही तथा बीच-बीच में आर्य समाज से जुड़े युवा व बच्चे हर हवन वेदी का पूरा ध्यान रखते हुए यजमानों को हवन विधि भी बता रहे थे। महायज्ञ में हर वर्ग, जाति, उम्र के लोग लगे थे, जिससे हवन व्यवस्थित व पूरे विधि विधान से शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। महायज्ञ में स्वदेशी वस्तुओं के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। श्रद्धालुओं ने यहां पूजा पाठ, रोजमर्रा का सामान तथा महापुरुषों के कैलेंडर आदि खरीदे।

आभा फाउंडेशन के शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ी (पेज 11)



# श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा छठ महापर्व

## व्रतियों ने नहाय-खाय के साथ की पवित्र शुरुआत



**स्योहारा (चिंगारी)।** चार दिवसीय सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा शनिवार को पारंपरिक नहाय-खाय के साथ रविवार को खरना पूजा श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में शुरू की गयी। शुगर मिल की भूड़ कॉलोनी सहित स्योहारा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में व्रती महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक पूजा की तैयारियां शुरू कीं।

सुबह-सुबह व्रती महिलाएं और पुरुष पवित्र मन से नदी, सरोवर और अस्थायी जलाशयों में स्नान कर व्रत का संकल्प लिया। इसके बाद घरों में पूजा स्थलों और रसोई की विशेष सफाई की गई तथा मिट्टी के चूल्हे बनाकर प्रसाद तैयार करने की व्यवस्था की गई।

रविवार को खरना मनाया गया, जिसमें व्रती निर्जला उपवास रखते हुए शाम को गुड़ की खीर, रोटी और फल से पूजा-अर्चना करेंगे। पूजा के बाद यही प्रसाद परिवार और आसपास के लोगों में बांटा जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, छठ पूजा स्थल पर सूर्य देव और छठ माता की पूजा से पहले घी का दीपक जलाना शुभ माना गया है। सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण किया जाएगा।

भूड़ कॉलोनी समेत पूरे स्योहारा क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। महिलाएं ममता देवी, उषा देवी, प्रियंका देवी, मीना दूबे, कंचन सिंह सहित अनेक व्रती महिलाओं ने छठ माता की पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

# प्रेस क्लब किरतपुर का चुनाव सम्पन्न

## ऋतुज शर्मा अध्यक्ष, हसन अली चौधरी बने महामंत्री

**किरतपुर (चिंगारी)।** प्रेस क्लब किरतपुर की बैठक में नई कार्यकारिणी का चुनाव करते हुए सर्वसम्मति से ऋतुज शर्मा को अध्यक्ष व हसन अली चौधरी को महामंत्री चुना गया। प्रेस क्लब कार्यालय पर वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान की अध्यक्षता व पूर्व महामंत्री गौतम सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में क्लब के सदस्यों ने मिशनरी व निर्भीक पत्रकारिता करने तथा दबे-कुचले व पीड़ित लोगों की आवाज उठाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान ने कहा कि भौतिकतावादी युग में पत्रकारिता अपने मिशन व उद्देश्य से भटक रही है। पत्रकार जनहित में अपनी लेखनी चलायें तथा निर्भीक होकर जनसरोकार से जुड़े मुद्दे उठाएं। उन्होंने नई कार्यकारणी को बधाई देते हुए कहा कि नये पदाधिकारी पत्रकारों की एकजुटता तथा उनके हित में कार्य करेंगे। बैठक में प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें ऋतुज शर्मा अध्यक्ष, गौतम सिंह व ललित मेहरा उपाध्यक्ष, हसन अली चौधरी एडवोकेट महामंत्री, जैनेन्द्र सिंह उर्फ जौनी संगठन मंत्री, वेदव्रत वेणु कोषाध्यक्ष, मनोज



कुमार मंत्री तथा हनुमान सिंह चौहान एडवोकेट को कानूनी सलाहकार चुना गया। साथ ही प्रदीप चौहान, दिलशाद अलवी तथा मास्टर सुधीर कुमार को संरक्षक बनाया गया।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र शाहिर अच्छन तेजा उर्फ सोनू निवासी मोहल्ला रामनगर नूरपुर जो बुरी संगत में पड़ गया है और वह मुझसे व मेरे परिवार वालों से अभद्र व्यवहार करता है, इसलिये मैं और मेरा परिवार उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**- कसीमुद्दीन पुत्र शमशेर खां निवासी-मौहल्ला शहीद नगर कस्बा व थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर (बिजनौर)**

# बाइक व ई-रिक्शा की टक्कर में एक की मौत, दूसरा घायल

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। बाइक व ई-रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार एक किशोर की मौत हो गई, जबकि ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम कल्लूवाला निवासी गुरबाज सिंह (16 वर्ष) पुत्र जग्गा सिंह बीती रात अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल द्वारा भिक्कावाला से कल्लूवाला की ओर जा रहा था। भिक्कावाला बिजलीघर के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ई-रिक्शा व उसकी बाइक की भीषण टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार गुरबाज सिंह व ई-रिक्शा चालक खूब सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को हायर सेंटर रैफर किया गया, जहां काशीपुर से मुरादाबाद ले जाते समय बाइक सवार गुरबाज सिंह की मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero
आया धनतेरस-दीपावली का त्यौहार हीरो पर सवार
125 M Celebrating
125 Millian Customer

★हर खरीदारी पर पायें आकर्षक उपहार
★ G.S.T. लाभ 12821 रुपये तक
★बुकिंग आरंभ 1100 रुपये से

★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

भली लगे या बुरी...

## बिहार में चुनाव-1

इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव चर्चा का विषय है। दोनों चरणों का नामांकन पूरा होने के बाद लगभग सभी सीटों पर बहुकोणीय मुकाबला होना तय है। ऐसी स्थिति में राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग तथा सत्ता के प्रबल दावेदार 'इंडिया' गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर निश्चित है। अब तक कई दलों के चुनाव प्रबंधक रह चुके प्रशांत किशोर इस बार अपनी जनसुराज पार्टी का नेतृत्व करते हुए लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, कुछ राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर को भाजपा या नीतीश का 'मुहरा' मानते हैं, पर उनके कई उम्मीदवार भाजपा के पक्ष में मैदान छोड़ चुके हैं। इस स्थिति को बढ़ा-चढ़ा कर पेश कर रहे प्रशांत किशोर बिहार की राजनीति में तीसरा कोण पैदा करने की कोशिश कर चुके हैं। जनसुराज पार्टी मुख्यत: बिहार के शिक्षित युवा मतदाताओं को आकर्षित कर रही है जिनको नौकरियों की तलाश में प्रदेश से बाहर जाना पड़ता है। ऐसे युवाओं का बहुसंख्य 'जातीय' या 'हिंदुत्व' राजनीति से बाहर है और प्रशांत किशोर इसे अपनी सफलता मानते हैं। वे यह बड़बोला दावा भी कर चुके हैं कि यदि उनको चुनाव में 100-125 सीटें मिलती हैं तो इसे वे अपनी हार मानेंगे। वे रणनीतिक रूप से संभवत: जनता में यह धारणा पैदा करना चाहते हैं कि सरकार उनकी बनने जा रही है और वे राजग व राजद के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं। हालांकि, वस्तुस्थिति ऐसी नहीं लग रही है। प्रशांत किशोर ने लगभग दो साल तक बिहार में पदयात्रा कर जमीनी समस्याओं को समझने का प्रयास किया है, लेकिन मद्यनिषेध को समाप्त करने के अलावा वे ऐसी कोई घोषणायें नहीं कर सके हैं जिनसे जदयू-भाजपा या राजद-कांग्रेस-वाम का विकल्प बन सकें। ...जारी

## रिश्तेदारी में गया था परिवार, युवक ने लगा ली फांसी

चांदपुर (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला शाहचंदन में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल, सुलेमान का परिवार किसी रिश्तेदारी में गया हुआ था। घर पर केवल उनका 20 वर्षीय पुत्र शावेज था। कल शाम जब परिवार वाले घर लौटे तो मकान अंदर से बंद था। जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजन छत के रास्ते मकान के भीतर पहुंचे तो शावेज का शव पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव पीएम के लिये भेज दिया।

# योगी पर भारी पड़ सकती है संघ और संगठन से दूरी



-अजय कुमार लखनऊ
मो-9335566111

उत्तर प्रदेश की राजनीति में योगी आदित्यनाथ आज एक ऐसा नाम बन चुके हैं, जो अनुशासन, प्रशासनिक सख्ती और हिंदुत्व के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। 2017 में जब उन्होंने राज्य की कमान संभाली थी, तब यह माना जा रहा था कि संघ और भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने एक युवा और दृढ़ नेतृत्व को आगे रखा है, जो कानून व्यवस्था को सुधार सके। लेकिन आज, अपने दूसरे कार्यकाल के तीन साल पूरे करने के बाद, योगी की राजनीतिक यात्रा कई नये संकेत दे रही है, जिसमें उनकी स्वतंत्र कार्यशैली, पार्टी के भीतर की खींचतान और केंद्र से बढ़ती दूरी स्पष्ट झलकती है।

योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही प्रशासनिक स्तर पर कठोर निर्णयों के लिए ख्याति अर्जित की है। अपराध नियंत्रण, अवैध निर्माणों पर कार्रवाई, माफिया राज के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति और हिंदू गौरव के मुद्दों पर उनकी आक्रामक छवि ने उन्हें जनता में लोकप्रिय बनाया। उन्होंने नौकरशाही को अपने नियंत्रण में रखा और निर्णय प्रक्रिया में राजनीतिक हस्तक्षेप को सीमित किया। यही कारण है कि जनता के बीच उनकी छवि कड़े प्रशासक और निर्भीक नेता की बन चुकी है। परंतु यह वही शैली है जिससे संगठन के भीतर असहजता भी महसूस की जा रही है। भाजपा के कई विधायक और संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी बार-बार यह शिकायत करते हैं कि योगी सरकार में उनकी सुनवाई नहीं होती। थानों से लेकर जिला स्तर के अफसरों तक, विधायकों को हस्तक्षेप का अधिकार लगभग समाप्त हो चुका है।



योगी सरकार में दो उपमुख्यमंत्री हैं, केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक। दोनों ही प्रदेश राजनीति के अलग-अलग सामाजिक समीकरणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। केशव ओबीसी और बृजेश ब्राह्मण वर्ग से आते हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से यह चर्चा आम है कि इन दोनों नेताओं और योगी के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं। केशव प्रसाद मौर्य कई बार सोशल मीडिया पर ऐसे ट्वीट कर चुके हैं, जिन्हें राजनीतिक संकेत के रूप में देखा गया। वहीं बृजेश पाठक पिछले कुछ महीनों में अपने अलग कार्यक्रम और कार्यशैली के चलते सीमित राजनीतिक संपर्क बनाए हुए हैं। ये घटनाएं इस धारणा को मजबूत करती हैं कि योगी ने सरकार को पूरी तरह अपने नियंत्रण में रखा है, जिससे सहयोगी मंत्री केवल औपचारिक भूमिका निभा रहे हैं।

पिछले कुछ महीनों में केंद्र और लखनऊ के बीच संवाद की कमी पर राजनीतिक हलकों में कई सवाल उठे हैं। केंद्रीय मंत्रियों का उत्तर प्रदेश के दौरों में कमी आना, योगी का राष्ट्रीय कार्यक्रमों से अक्सर अलग रहना और केंद्रीय नेतृत्व के बयानों में योगी का नाम कम आना, इन सब संकेतों ने यह अटकलें तेज की हैं कि दिल्ली योगी से बहुत प्रसन्न नहीं है। हालांकि भाजपा का आधिकारिक रुख हमेशा यह कहता रहा है कि केंद्र और राज्य में कोई मतभेद नहीं है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि योगी का आत्मनिर्भर मॉडल, यानी बिना केंद्रीय दबाव के निर्णय लेना, पार्टी की पारंपरिक संरचना को चुनौती देता है। भाजपा का संगठनात्मक ढांचा सामूहिक निर्णय की संस्कृति पर चलता है, जबकि योगी का प्रशासन टॉप-डाउन मॉडल पर आधारित है। प्रदेश के विधायकों में यह भावना बढ़ रही है कि अफसरशाही के ऊपर उनका नियंत्रण नाममात्र का रह गया है। विधायक अपने क्षेत्र में शिकायतें करते हैं कि थानेदार, एसडीएम या डीएम तक उनकी बात नहीं सुनते। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शिकायत निवारण तंत्र तो सशक्त बनाया है, पर ज़मीनी स्तर पर राजनीतिक हस्तक्षेप की गुंजाइश समाप्त कर दी गई है। इससे विधायकों में हीनभावना के साथ नाराज़गी भी बढ़ी है। यही असंतोष तब और बढ़ जाता है, जब मुख्यमंत्री योगी किसी जनप्रतिनिधि की आलोचना पर सीधे कार्रवाई कर देते हैं या उसे सार्वजनिक रूप से नजरअंदाज करते हैं। भाजपा के मूल संगठनात्मक अनुशासन में यह अप्रत्याशित माना जाता है, लेकिन योगी के लिए यह साफ-सुथरा शासन बनाए रखने की नीति का हिस्सा है। इन सभी घटनाक्रमों से यह स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ ने खुद को मात्र एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक राजनीतिक ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। योगी मॉडल आज राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा समर्थकों के बीच चर्चा का विषय है। यूपी के कड़े प्रशासनिक मॉडल, हिंदुत्व की वैचारिक नींव और अपराध नियंत्रण में सफलता ने उन्हें जनता में स्वतंत्र पहचान दी है। केंद्र से दूरी या आंतरिक असहजता के बावजूद, योगी की लोकप्रियता में अभी कोई स्पष्ट गिरावट नहीं देखी जा रही है। लेकिन एक बड़ा सवाल यह है कि क्या यह स्वतंत्र छवि भविष्य में पार्टी संरचना के भीतर उन्हें और अलग-थलग कर सकती है?

योगी का नेतृत्व एक स्पष्ट व्यक्तिगत ब्रांड की तरह उभर रहा है। उनके अनुयायी उन्हें हिंदू हृदय सम्राट की उपाधि से देखते हैं, जो भाजपा के पारंपरिक सामूहिक नेतृत्व से अलग दिशा की ओर संकेत करती है। वे कई मायनों में नरेंद्र मोदी के शुरुआती मुख्यमंत्री काल के समान दिखते हैं। मजबूत व्यक्ति छवि, प्रशासनिक नियंत्रण और कठोर निर्णय क्षमता के साथ। किन्तु पार्टी नेतृत्व यह नहीं चाहता कि कोई मुख्यमंत्री राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र के समानांतर छवि बनाए। यही कारण है कि केंद्र लगातार संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। संघ परिवार के कुछ वरिष्ठ कार्यकर्ता भी यह मानते हैं कि योगी को अपनी प्रशासनिक सख्ती के साथ संगठनात्मक समन्वय बढ़ाना चाहिए। योगी आदित्यनाथ की राजनीति इस समय एक संक्रमण काल से गुजर रही है। वे जनता में लोकप्रिय हैं, लेकिन पार्टी संरचना में उनके बारे में मिश्रित भावनाएं हैं। प्रदेश में उनके खिलाफ सीधी चुनौती नहीं दिखाई देती, परंतु यह आंतरिक दूरियां उनकी राजनीतिक रणनीति को प्रभावित कर सकती हैं। आने वाले दो वर्षों में यदि योगी संगठन, विधायकों और केंद्र के साथ तालमेल मजबूत नहीं कर पाते, तो यह उनकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं पर सीमाएं लगा सकता है। वहीं यदि वे संवाद और समन्वय के नये रास्ते चुन लेते हैं, तो वे भाजपा के भीतर भविष्य के शीर्ष नेतृत्व में अपनी स्थिति और मजबूत कर सकते हैं।

# मनुष्य जीवन एक जंक्शन- दास गदाधर प्रभु जी

## 'दस दिशाएं बारह हाथ' विषय पर हुआ प्रवचन



बिजनौर (चिंगारी)। स्वामी भक्ति वेदांत नेत्र चिकित्सालय बिजनौर के तत्वावधान में बिजनौर क्लब के प्रांगण में भक्ति सेवा यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्ति वेदांत विद्या भवन गुरुकुल के संस्थापक एवं निदेशक श्रीमान दास गदाधर प्रभु जी ने 'दस दिशाएं बारह हाथ' विषय पर प्रवचन करते हुए मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन के उपाय बताये। कहा कि मनुष्य जीवन जंक्शन की तरह है, जहां से सही दिशाओं से ईश्वर प्राप्ति का मार्ग मिलता है। उन्होंने महाभारत के अनेक प्रसंगों का वर्णन करते हुए भक्ति मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। डा. बीरबल सिंह, डा. मेजर अभिनव सिंह, डा. इला चौधरी, इंजी. आरुषि सिंह, नंदिनी सिंह, अर्जुन सिंह कांगड़ा, प्रशांत महर्षि, लाला विवेक गुप्ता, अंशुमान सिंह आदि ने प्रभु जी का स्वागत किया।

# शादी के लिये लड़की देखकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

## युवक का पिता व फुफेरा भाई घायल



फाइल फोटो दीपक

**नगीना ( चिंगारी )।** हरिद्वार-काशीपुर फोरलेन पर ग्राम पुरैनी में बाइक व कार की टक्कर में बाइक सवार 28 वर्षीय दीपक की मृत्यु हो गई। इस घटना में मृतक युवक का पिता व फुफेरा भाई गंभीर रुप से घायल हो गया। मृतक युवक अपनी शादी के लिए नजीबाबाद से लड़की देखकर बाइक द्वारा घर लौट रहा था।

थाना क्षेत्र के गांव पुरैनी निवासी दीपक ( 28 वर्ष ) की नजीबाबाद क्षेत्र की रहने वाली किसी युवती से शादी की बात चल रही थी। रविवार की शाम करीब पांच बजे दीपक अपने पिता राजेश ( 65 वर्ष ) व फुफेरे भाई शिवा ( 25 वर्ष ) के साथ नजीबाबाद से लड़की को देखने के बाद बाइक द्वारा अपने घर आ रहा था। जैसे ही उनकी बाइक हरिद्वार-काशीपुर फोरलेन हाईवे पर गांव सैदपुरी तिराहे के पास अपने गांव की ओर मुड़ी तो धामपुर की ओर से आ रही एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में दीपक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पिता राजेश व फुफेरा भाई शिवा गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों को पुलिस ने नगीना सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को चिंताजनक हालत में बिजनौर रैफर कर दिया गया।

# भाकियू नेता सुनील कुमार के युवा पुत्र की बुखार से मौत



ऋतिक का फाइल फोटो

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम चमरौला निवासी भाकियू ( टिकैत ) के जिला सचिव सुनील कुमार के युवा पुत्र ऋतिक सहरावत की बुखार के कारण गत रात्रि मेरठ के एक हॉस्पिटल में मृत्यु हो गई।

ऋतिक सहरावत ( 22 वर्ष ) को दीपावली से बुखार आ रहा था। परसों रात्रि प्लेटलेट्स काफी डाउन हो जाने के कारण उसकी तबीयत बिगड़ जाने पर उसे बिजनौर के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बताया जाता है कि उसे डेंगू की पुष्टि हुई थी। कल सुबह बिजनौर के चिकित्सक ने उसकी स्थिति बेहद गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया था। परिजनों द्वारा युवक को मेरठ के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया था। रात्रि लगभग 9 बजे वहीं पर उसकी मृत्यु हो गई। आज सुबह अनेक किसान नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने सुनील कुमार के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदनायें व्यक्त कीं। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। दोपहर को स्थानीय गंगा घाट पर युवक के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया।

# सबसे तेज दौड़ा रोहित उर्फ भूरा 4.29 मिनट में किया राउंड पूरा



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सौफतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी, सौफतपुर में रविवार को आयोजित 1600 मीटर रेस प्रतियोगिता में रोहित उर्फ भूरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकेडमी के संचालक कपिल राणा ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर के 80 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। दीपखेड़ी निवासी रोहित उर्फ भूरा ने 4.29 मिनट में 1600 मीटर दौड़ पूरी करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। नजीबाबाद निवासी आनंद ने 4.35 मिनट में और शेखुपुरा निवासी कुलदीप ने 4.36 मिनट में दौड़ पूरी करके क्रमश: द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजकों द्वारा तीनों विजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। अंकुश राठी, शिवम कुमार, बादल एवं नंदू को भी अच्छे प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया। रैफरी मुकुल राठी तथा उत्तम कुमार रहे। आयोजक कपिल राणा, अजय, मिथुन, टीकम सिंह, रोबिन आदि का सहयोग रहा।

# बंदरों के हमले में चौकीदार घायल



**नगीना ( चिंगारी )।** बंदरों के हमले में पालिका का चौकीदार शोएब (32 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद सभासदों ने बामुश्किल से उसे बंदरों के झुंड से छुड़ाया। शनिवार की शाम करीब 5:45 बजे पालिका सभासद गोपाल शर्मा, मोहम्मद अहमद, शानू सिद्दीकी, मोहम्मद तालिब एवं पालिका लिपिक मुनीर अहमद पालिका कार्यालय में बैठे हुए थे। गोपाल शर्मा ने बताया कि अचानक एक बंदरों के झुंड ने पालिका में चौकीदारी का कार्य करने वाले शोएब पर हमला बोल दिया। बंदरों के हमले में उसका एक हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया, वहां मौजूद सभासदों व कर्मचारियों ने बड़ी मुश्किल से बंदरों को वहां से भगाया, तब जाकर शोएब को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया। पालिका सभासदों ने पालिका प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

# रोटरी फाउंडेशन में दिल खोलकर दान दें- नितिन अग्रवाल

## मण्डलाध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा

**हल्दौर ( चिंगारी )। रोटरी क्लब सहाचर्य और सेवा के लिए समस्त विश्व में कार्य करने वाली अग्रणी संस्था है। सेवा के विभिन्न आयामों के द्वारा रोटरी समाज में अपना विशिष्ट स्थान बनाए रखा है।**

नगर के एक मण्डप में रोटरी क्लब हल्दौर की मण्डलाध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मण्डल 3100 के मंडलाध्यक्ष रोटेरियन नितिन अग्रवाल ने जिले से आये सभी रोटेरियंस से आह्वान किया कि वह रोटरी फाउंडेशन में मुक्त हस्त से दान दें, जिससे संपूर्ण विश्व में लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया जा सके। रोटरी गवर्नर ने रोटरी क्लब हल्दौर की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि रोटरी के सिद्धांतों और मूल्यों पर रोटरी क्लब हल्दौर पिछले 47 वर्षों से कार्य कर रहा है। इससे पूर्व क्लब अध्यक्ष रोटेरियन नवीन कुमार ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। रोटेरियन अनूप अग्रवाल ने क्लब की प्रगति रिपोर्ट पढ़ी। डिस्ट्रिक सैक्रेट्री रो.राजीव अग्रवाल तथा असिस्टेण्ट गवर्नर गौरव भारद्वाज ने हल्दौर रोटरी क्लब की प्रशन्सा करते हुए उन्हें बधाई दी। मण्डालाध्यक्ष ने हल्दौर की सामाजिक संस्थाओं सीडी इंटर कॉलेज, एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी, सरस्वती विद्या मंदिर, रॉयल हेरीटेज तथा शिव मंदिर धर्मशाला की पदाधिकारियों को उनके द्वारा हल्दौर क्लब को सहयोग देने के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। रो. नितिन अग्रवाल ने जहां नये रोटेरियन का पिन लगाकर उनका स्वागत किया। एनी शैलजा मारवाड़ी ने गवर्नर का जीवन परिचय सभी के समक्ष रखा। रोटरी क्लब अध्यक्ष रो. नवीन कुमार ने मंडलाध्यक्ष और डिस्ट्रिक सेकेट्री को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रो.अभिषेक कुमार ने सभी का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम की सफलता में रो. अमित कुमार, रो. अनुज मारवाड़ी, रो. अशोक कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में रोटरी क्लब बिजनौर, रोटरी क्लब बिजनौर इंडस्ट्रियल एरिया, रोटरी क्लब बिजनौर गंगा, रोटरी क्लब बिजनौर सिटी, रोटरी क्लब धामपुर, स्योहारा आदि के रोटेरियंस सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन रो. जितेंद्र मारवाड़ी ने किया।



रोटरी क्लब हल्दौर को अपना सहयोग देने लिए एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी हल्दौर की प्रबंध कमेटी को सम्मानित करते मंडलाध्यक्ष रो. नितिन अग्रवाल

# आकर्षक झांकियों के साथ निकाली अग्रसेन शोभायात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** अग्रवंश शिरोमणि महाराजा अग्रसेन महाराज की 5246 वीं जयंती के अवसर पर रविवार की शाम नहटौर रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित अग्रवाल धर्मशाला से अग्रवाल सभा एवं युवा अग्रबंधु समाज के संयुक्त तत्वावधान में आकर्षक और मनोहारी झांकियां व अखाड़े के साथ अग्रसेन शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ धामपुर के भाजपा विधायक अशोक राणा के सुपुत्र राणा प्रियंकर सिंह व भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर महेंद्र धनोरिया ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व धर्मशाला परिसर में स्थापित महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे उत्साही युवक ध्वज लेकर चल रहे थे। उनके पीछे अखाड़ा मंदिर श्री ठाकुरद्वारा बजरिया के उस्ताद विवेक कात्यायन व खलीफा मनोज अग्रवाल से सलामी लेकर अखाड़े के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। युवा अग्रबंधु समाज के अध्यक्ष रुचिन अग्रवाल, महामंत्री अश्वनी मित्तल, कोषाध्यक्ष सौम्य अग्रवाल,





महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए और स्मृति चिन्ह देते हुए राणा प्रियंकर सिंह।

कार्यक्रम प्रभारी ललित गर्ग, दीपक अग्रवाल जेके, राघव शरण गोयल, पवन अग्रवाल एडवोकेट, लाजपत राय अग्रवाल मुखिया, मनोज बंसल, गोल्डी गर्ग, अजय कुमार पिंटू दीपक अग्रवाल पंसारी, अंकुश सिंघल, सचिन सिंघल के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल झांकियां में भगवान भोलेनाथ के 12 ज्योतिर्लिंगों का उद्गम, धन वैभव ऐश्वर्या की देवी, लक्ष्मी, ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय सेना के जांबाज जवानों द्वारा की गई कार्यवाही, अशोक वाटिका में रावण और माता सीता का संवाद, भगवान जगन्नाथ विट्ठल, राधा कृष्ण का नृत्य, मां काली का रूप धारण किये कलाकारों की झांकियां शामिल रही।

शोभायात्रा में शामिल बैंड की मधुर धुनें वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर रही थी। शोभा यात्रा के अंत में एक बग्गी पर महाराजा अग्रसेन का स्वरूप धारण किये युवक शोभायमान था। अग्रवाल सभा से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के परंपरागत मार्गों से होते हुए जब नगर के मुख्य मार्ग पर पहुंची, तो अनेक व्यापारियों ने उसका स्वागत किया। शोभा यात्रा देर रात अग्रवाल धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई।

दूरभाष: 7408410821
E-mail-khadivillagebijnor@gmail.com

**उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड**

**औद्योगिक क्षेत्र, चीनी मिल के सामने, बिजनौर-246701**

**अल्पकालिन निविदा सूचना**

बोर्ड हित में मै. भारतीय प्रजापति माटीकला औ.उ.सह.समि.लि. ग्राम-गल्लाखेड़ी, बिजनौर का सी.एफ.सी. स्थापना हेतु कार्यशाला निर्माण, नक्शा के अनुसार किये जाने हेतु सील बंद निविदा पुनः आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 04.11.25 को मध्याह्न 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, तथा उसी दिन अपराह्न 1.00 बजे समिति के समक्ष जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बिजनौर में खोली जायेगी।

निविदा आवेदन पत्र 100/-शुल्क अदा कर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला ग्रामोद्योग अधिकारी**
**बिजनौर**

# प्रभातफेरी से वातावरण गुरुवाणीमय हुआ

**धामपुर ( चिंगारी )।** पहली पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 13 दिवसीय प्रकाश पर्व के अंतर्गत आज चौथे दिन निकाली गई प्रभात फेरी में गुरमुख परिवारों ने गुरुवाणी का सामूहिक उच्चारण करते हुए निर्धारित मार्गों को गुरुवाणी मय बना दिया।

पंजाबी कॉलोनी के श्री गुरु नानक मार्ग स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुबीर सिंह एवं गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला के संरक्षण में समूची संगत के सहयोग से निकाली गई प्रभात फेरी जब निर्धारित मार्गो से होते हुए मोहल्ला बाड़वान स्थित सैनी भवन पर पहुंची तो वहां पर समाजसेवी नितिन कुमार सैनी सर्राफ ने स्वागत किया तथा कार्यक्रम में मुख्य आयोजक नितिन कुमार सैनी सर्राफ तथा उनकी धर्मपत्नी मालती देवी सैनी दक्ष कुमार सैनी तथा गोविंद कुमार सैनी को गुरुद्वारा की प्रबंध समिति की ओर से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इनके अलावा सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक को गुरु महाराज के प्रसाद के रूप में सरोपा भेंट करके विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक नितिन कुमार सैनी सर्राफ एवं मालती देवी सैनी ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

# सतेन्द्र शर्मा 'तरंग' को सम्मानित किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक ,निर्मला कौशिक संस्थापिका राखी-कौशिक उपासना कौशिक द्वारा देहरादून से धामपुर पधारे वरिष्ठ साहित्यकार सतेन्द्र शर्मा तरंग को पटका पहनाकर व सम्मानपत्र भेट करके सम्मानित किया गया। साथ ही तुलसी माता का पौधा भेंट किया गया। संस्था के संरक्षक डॉ जितेन्द्र कौशिक ने बताया कि सतेन्द्र शर्मा तरंग वरिष्ठ साहित्यकार हैं। उनकी जादुई लेखनी हमेशा ही सबके दिलों को स्पर्श करती है। उन्होंने बताया कि सतेन्द्र शर्मा तरंग धामपुर के निवासी रहे हैं। धामपुर से जुड़ी यादें हमेशा ही उन्हें धामपुर की और आकर्षित करती है।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं खेल : मुन्ना लाल

## न्याय पंचायत तीबड़ी के विद्यालयों की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम बसेड़ा कुंवर के विद्या मंदिर के खेल के मैदान में न्याय पंचायत स्तरीय खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें न्याय पंचायत तीबड़ी के परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ न्याय पंचायत के वरिष्ठ अध्यापक महेश पांडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर और अतीक़ आज़ाद द्वारा फीता काटकर किया गया। खेलों में 400 मीटर दौड़ 200 मीटर दौड़ 100 मीटर दौड़ लंबी कूद और ऊंची कूद प्रमुख रहे। 400 मी. बालिका वर्ग में भावना कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी प्रथम, प्रतिज्ञा उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा द्वितीय व इकरा कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में नैतिक बसेड़ा कुंवर प्रथम राजकुमार कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी द्वितीय तथा शोएब उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा कुंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी. बालिका वर्ग में प्रतिज्ञा उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा कुंवर भावना कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी तथा रिया उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा कुंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में हुजैफा कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी प्रथम साजन उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा कुंवर तथा शोएब उच्च प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा कुंवर तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी श्री मुन्नालाल त्रिवेदी ने अपने संबोधन में खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के लिए इन्हें सर्वांगीण विकास में सहायक बताया और खेलों में अधिक से अधिक रुचि लेने का आवाहन किया। खेलों के आयोजन में श्रीमती शाजिया, श्रीमती किरण लता, धर्मेंद्र कुमार भारती, अनुज कुमार, दयाराम, सुनील राणा, राहुल कुमार, आलोक कुमार, दिनेश कुमार आदि ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शेफाली सिंह तथा अध्यक्षता अतीक़ आज़ाद ने की।

# गुरु नानक नाम जहाज है चढ़ै सो ठतरे पार...

## प्रकाश पर्व के उपलक्ष में निकली प्रभात फेरी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर में सिखों के प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पूर्व से ही नगर में सिख समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सिख समाज द्वारा गुरुवार को गुरुद्वारा श्री पुरातन साहब रेलवे स्टेशन रोड बिजनौर से गुरु नानक महाराज जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। पहली प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा साहिब रेलवे स्टेशन रोड से विभिन्न मार्गों से होते हुए सरस्वती विहार डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह के निवास स्थान पर पहुंची, जहां प्रभात फेरी में आई संगत ने गुरबाणी का शबद कीर्तन किया। गुरुनानक नाम जहाज है चढ़े सो उतरे पार, कल तारण गुरु नानक आया, आज दिन



खुशियां वाला चढ़ेया आदि शबद के गुणगान के साथ नगर में वाहेगुरु सतनाम के जयकारे गूंज उठे। डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह ने संगत के लिए लंगर की व्यवस्था की। प्रबंधक कमेटी ने पुष्पेंद्र सिंह को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालक ट्रस्ट, श्री गुरुद्वारा सुधार कमेटी, शहीद बाबा दीप सिंह सेवा समिति, गुरु नानक उत्थान समिति, श्री सुखमनी सेवा समिति, बाबा अजीत सिंह दल, बीबी ननकी दल तथा तमाम सिख संगत के साथ निकली, जिसमें मुख्य रूप से श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालक ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह फलोदिया, उपाध्यक्ष हरचरण सिंह, प्रबंधक मानवेंद्र सिंह, हरमीत सिंह निराला, सुरजीत सिंह नेगी, गुरुद्वारा सुधार कमेटी के अध्यक्ष सरदार विजयपाल सिंह, राजेश सिंह, देवेंद्र सिंह कटारिया, आरके सिंह, बीबी समरजीत कौर, अनीता कौर, सरदार सरदार कश्मीर सिंह, सरदार सोनू सिंह पोथीवाल आदि उपस्थित रहे, वहीं गुरुद्वारा साहब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी मोहन सिंह ने शरबत के भले के लिए अरदास की। सिख संगत में काफी उत्साह देखा गया है।

# एसपी के आदेश पर दूसरे पक्ष का मुक़दमा दर्ज किया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव अलीनगर पालनी में दीपावली की रात्रि रविदास धर्मशाला पर पटाखे छोड़कर घर वापस लौट रहे दलित युवक देवेन्द्र पर गांव निवासी युवक प्रीत पुत्र पवन आदि ने ट्रैक्टर चढ़ाकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने घायल युवक के भाई भीष्म की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। दूसरे पक्ष के ज्ञानचंद ने एसपी अभिषेक झा को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि दीपावली की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे उसका पुत्र दीपक कुमार अपने दोस्त के साथ बाइक द्वारा गांव में ही मुकेश की दुकान से पटाखे लेने गया था। जब वह पटाखे लेकर घर लौटते हुए हरिजनों के मोहल्ले में पहुंचे तो वहां पवन पुत्र रघुनाथ सिंह, प्रवेश कुमार पुत्र गणपत, सत्यपाल पुत्र किशन सिंह, अमित पुत्र ऋषि चरण, सचिन पुत्र हरिवंश, प्रमोद उर्फ मोनू पुत्र बाबू व हर्षवर्धन पुत्र मंजूलाल आदि शराब के नशे में रास्ते में खड़े थे। मेरे पुत्र दीपक ने उक्त युवकों से रास्ता देने को कहा तो उक्त युवकों ने मिलकर दीपक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात आरोपियों के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज किया है।

# मनुष्य के शरीर में बीमारी उत्पन्न होने का कारण आलस्य है- आचार्य श्री रामतपस्या

**अफज़लगढ़ ( चिंगारी )।** ग्राम शेरगढ़ रामनगर के पं. श्रीराम शर्मा आचार्य इण्टर कालेज में चल रहे 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारी टोली के नायक आचार्य श्रीराम तपस्या ने सायंकालीन सत्र में पावन प्रज्ञा पुराण के वाचन में कहा कि मनुष्य स्वयं आलस्य के कारण अपने अन्दर बीमारी पैदा करता है। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे चार दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन 26/10/2025 को प्रात: एक विशाल एवं अनुशासित कलशयात्रा बड़ी भव्यता के साथ तीन गांवों को कवर करते हुए महिलाओं के द्वारा बड़ी श्रद्धापूर्वक निकाली गई। इस आयोजन में विद्वान टोली नायक के द्वारा तीन दिन ( 27, 28, 29 ) प्रात:कालीन सत्र में पर्यावरण शुद्धि एवं मनुष्य में देवत्व स्थापित कर अनाचार, भ्रष्टाचार आदि कुकृत्यों के उन्मूलन एवं राष्ट्रोत्थान के उद्देश्य से 24 कुण्डों की विशाल यज्ञशाला में सामूहिक रुप से वेद मंत्रों से आहूतियां समर्पित कराई जाएगीं।



# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत किया बच्चों का चयन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** ब्लॉक संसाधन केंद्र, हल्दौर पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में परिषदीय जूनियर विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में कुल 72 विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए टॉप 5 बच्चों का चयन किया गया एवं जनपद पर क्विज के लिए पांच बच्चों का चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी हल्दौर अलका अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों से विज्ञान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के साथ तकनीकी सोच विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नितिन बालियान एआरपी विज्ञान ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित टॉप 100 छात्रों का नवंबर के महीने में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2025 के तहत एक्सपोजर विजिट टूर कराई जाएगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु एआरपी नरेश कुमार, कनिका गुप्ता, अरुण कुमार के सहयोग के साथ शशांक कौशिक (लिपिक), संध्या चौहान (लेखाकार), सनी चौधरी, रोहित चौधरी, प्रियंका मलिक, भवी शर्मा, अपूर्व चौधरी, नेहा जैन आदि का सराहनीय योगदान रहा।



# नांगल में हुआ 'सामाजिक मेल-मिलाप सम्मेलन'

## 10 प्रस्ताव पारित किये, मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**नांगल सोती ( चिंगारी )। यहां आयोजित 'सामाजिक मेल-मिलाप सम्मेलन' में मौजूद व्यक्तियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कई स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा शिक्षा से नाता जोड़ने का आहवान किया गया।**

रविवार को राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती में आयोजित उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ रालोद के प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि डा. सौदान सिंह तरार (अफ्रीका) एवं विजयपाल सिंह (यूक्रेन / यूपी) ने कहा कि आज युवा वर्ग नशे की दलदल में बुरी तरह से फंसता जा रहा है। युवा वर्ग का नशे के मकड़जाल में फंसते जाना समाज के लिये बेहद घातक है। भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डा. अनिल सिंह ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है। शिक्षा से ही व्यक्ति का सामाजिक और आर्थिक उत्थान संभव है और शिक्षा से ही समाज और देश की प्रगति संभव है। सम्मेलन में नशे से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने, स्वास्थ्य के लिये प्राकृतिक एवं शुद्ध खानपान अपनाने सहित 10 प्रस्ताव पारित किये गये। कई स्कूलों से आये 30 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महीपाल तोमर की अध्यक्षता तथा आयोजक सुरेश आर्य के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में डा. संजीव आर्य, डा. पंकज भारद्वाज, राजवीर सिंह मुंडेट, धीर सिंह, राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड., कावेन्द्र सिंह, अनुज चौधरी, मनोज राणा, पत्रकार देवेन्द्र सैनी, शैलेन्द्र चौधरी सहित काफी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



सम्मानित किये गये मेधावी बच्चों के साथ अतिथिगण

# सड़क निर्माण शुरू होते ही नज़र आने लगा भ्रष्टाचार

## मंडावली-बाक़रपुर मार्ग के निर्माण में मानकों को ताक पर रखकर मनमानी कर रहे ठेकेदार

### करीब दो करोड़ की लागत से बननी है दो किलोमीटर की सीसी रोड

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मोहम्मदपुर मंडावली से बाकरपुर गढ़ी तक स्वीकृत दो किलोमीटर सीसी रोड का निर्माण शुरू होते ही भ्रष्टाचार की बू आने लगी है। सड़क निर्माण के लिए मानक के अनुरूप पत्थर नहीं डाले जाने से ग्रामीण नाराज हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिले के अफसरों से की है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच कर सड़क निर्माण का कार्य मानक के अनुरूप कराया जाना चाहिए।

ग्राम मोहम्मदपुर मंडावली से बाकरपुर गढ़ी तक दो किलोमीटर सड़क की हालत पिछले कई साल से खराब थी। सड़क में गहरे गड्ढे हो जाने से रहगीरों को आने-जाने में भारी दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र के ग्रामीणों ने इसके निर्माण के लिए जिले के अफसरों से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक से गुहार की थी। अब जाकर जिला पंचायत ने सड़क के निर्माण की जिम्मेदारी ली। दो किलोमीटर सड़क का निर्माण सीसी के रूप में होना है। शासन से दो करोड़ रुपए की धनराशि भी स्वीकृत की गई है। सीसी रोड निर्माण के लिए शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सीसी पड़ने से पूर्व 14 सेंटीमीटर पत्थर के छोटे-छोटे टुकड़े डाले जाने थे, पर नाममात्र के पत्थर डालने से ग्रामीण ठगा सा महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों के कई बार ठेकेदार से कहने के बावजूद मानक के अनुसार काम नहीं किया जा रहा। सूत्रों की मानें तो सड़क की चौड़ाई तीन मीटर की स्वीकृत की गई है, पर चौड़ाई भी काम कर दिये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मानक के अनुसार सड़क नहीं बनी तो जल्द ही टूट जाएगी। इस मार्ग पर मंडावली, मकसूदनपुर हफीज, मुकीमपुर धारू, बाकरपुर गढ़ी, मुजफ्फरपुर केशो सहित कई गांवों के किसानों के गन्ने के ट्रक व ट्रैक्टर सहित अन्य भारी वाहन भी चलते हैं। सड़क निर्माण के हालात को देखते हुए माना जा रहा है कि सड़क जल्दी टूट जाएगी। सड़क निर्माण में शासन के मानकों को पूरा करना जरूरी है। इस संदर्भ में रविंद्रपाल शास्त्री की ओर से जिला पंचायत के अधिशासी अधिकारी को दिये मांग-पत्र में सड़क निर्माण मानक के अनुसार कराने की मांग की गई है। ग्रामीण वकील अहमद, राजीव सिंह, देवेंद्र कुमार, जमील प्रधान, नदीम अहमद, फैज़ान अख्तर, अब्दुल समी, इरफान, सोनू सिंह आदि का कहना है कि मानक के अनुसार ही सड़क का निर्माण होना चाहिए। सड़क का निर्माण मानक के अनुसार नहीं किया गया तो शासन से शिकायत की जाएगी।




### सड़क का चौड़ीकरण भी जरूरी

बाकरपुर गढ़ी क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से सड़क खराब होने का दंश झेल रहे हैं। अब सड़क निर्माण शुरू होते ही घटिया सामग्री का प्रयोग करने की बू आने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर काफी संख्या में लोग आते-जाते हैं। ऐसे में सड़क का चौड़ीकरण होना भी जरूरी है। गन्ना पेराई सत्र में ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शासन से सड़क 3 मीटर चौड़ी बनना पास हुआ है। ग्रामीणों ने सड़क की चौड़ाई कम से कम 4 मीटर करने की मांग की है। सड़क का निर्माण मानक के अनुसार हुआ तो ग्रामीणों के चेहरे खिल उठेंगे।

## अहसन जमील ने अजय राय को बिहार चुनाव का स्टार प्रचारक बनाने पर खुशी ज़ाहिर की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्योहारा कांग्रेस के नागराध्यक्ष अहासन जमील ने बिहार चुनाव में इंडिया गठबंधन के बहुमत लाने का दावा किया है। उन्होंने बिहार विधान सभा चुनाव में कांग्रेस कमेटी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के स्टार प्रचारक बनाने पर खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा कि अजय राय बहुत अच्छे वक्ता हैं। उनके भाषणों का बिहार के मतदाताओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।











कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर, बिजनौर
ई–निविदा सूचना सं0–04/अधि0अभि0/2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य/कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा/टेन्डर (http://etender.up.nic.in) के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन/टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित तालिका में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक 04.11.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिनकी प्री–क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक–04.11.2025 को दोपहर 12:30 बजे मुख्य अभियन्ता (पूर्वी गंगा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश, मुरादाबाद द्वारा गठित समिति/प्राधिकारी अधिकारी के समक्ष खोली जायेगी। ई–निविदा प्रपत्र (http://etender.up.nic.in) की बेबसाइट से दिनांक 29.10.2025 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 04.11.2025 दोपहर 12:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकेंगे। फाइनेंशियल बिड खोलने से पूर्व प्री–क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड के सम्बन्ध में आपत्ति दर्ज करायी जा सकेंगी, इसके उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। अवकाश होने की दशा में यह निविदा/बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। किसी प्रकार की तकनीकी समस्या/कमी आने की दशा में निविदा अपलोड न हो पाने पर विभाग/खण्ड की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी। निविदा से सम्बन्धित प्री–बिड दिनांक 01.11.2025 के अपरान्ह 1.00 होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0) | कार्य की धरोहर धनराशि (लाख रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Repairing of Damage khalasi Gate No. 9 & 10 and Fix Gate No. 5, 6 ,7 and 8 of Nehtaur Gagan Barrage in Distt Bijnor. | 8.45 | 0.17 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 2 | Repairing of Right Guide Bund between km. 0.000 to 0.020 and Left Guide Bund between km. 0.000 to 0.010 in D/S at Nehtaur Gagan Barrage in Distt Bijnor. | 8.47 | 0.17 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 3 | Repairing of Tindal Room at Sukhro Weir in Distt Bijnor. | 5.37 | 0.11 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 4 | जनपद बिजनौर में पीली बांध के कि0मी0 2.570 पर स्थित स्लूस–1 के निकट टिन्डेल रूम की चाहर दीवारी का कार्य। | 18.22 | 0.37 | 02 माह | 354.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 5 | जनपद बिजनौर में पीली कालोनी में स्थित विभागीय स्टोर की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 6.23 | 0.13 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 6 | जनपद बिजनौर में पीली बांध पर कि0मी0 0.000 से कि0मी0 15.400 के मध्य किलोमीटर स्टोन लगाने का कार्य। | 4.61 | 0.10 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 7 | पीली बांध के बनेली एस्केप के दांये ओर जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु सुरक्षा रेलिंग का कार्य। | 7.38 | 0.15 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 8 | पीली बांध के की किमी. 7.600 पर स्थित स्थित टिन्डेल रूम की जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु सुरक्षा रेलिंग का कार्य। | 4.85 | 0.11 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 9 | पीली बांध पर स्थित बनेली एस्केप के बांयी ओर जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु सुरक्षा रेलिंग का कार्य। | 7.57 | 0.16 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 10 | जनपद बिजनौर में चण्डिका अल्पिका के कि0मी0 2.000 पर स्थित क्षतिग्रस्त वी0आर0बी0 के पुनर्निर्माण का कार्य। | 4.32 | 0.09 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 11 | जनपद बिजनौर में कादराबाद राजवाह के कि0मी0 0.900 पर स्थित क्षतिग्रस्त वी0आर0बी0 के पुनर्निर्माण का कार्य। | 7.96 | 0.16 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 12 | जनपद बिजनौर में नबावपुर राजवाह के कि0मी0 12.020 पर क्षतिग्रस्त वी0आर0बी0 के पुनर्निर्माण का कार्य। | 3.66 | 0.08 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 13 | जनपद बिजनौर में रसूलपुर राजवाह के कि0मी0 7.450 पर क्षतिग्रस्त ड्रेनेज साइफन की मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य। | 2.70 | 0.06 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 14 | जनपद बिजनौर में कादराबाद राजवाह के किमी 7.500 से किमी 7.600 के मध्य क्षतिग्रस्त ब्रिक पिचिंग की पुर्नस्थापना का कार्य। | 4.97 | 0.10 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 15 | जनपद बिजनौर में शाहपुर नहर प्रणाली के अन्तर्गत भटपुरा अल्पिका के कि0मी0 4.950 से कि0मी0 5.100 के मध्य ब्रिक पिचिंग एवं सम्बद्ध बैंको के सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 8.05 | 0.17 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 16 | जनपद बिजनौर में शाहपुर नहर प्रणाली के अन्तर्गत चान्दपुर राजवाह कि0मी0 1.500 पर वी0आर0बी0 के पुनर्निर्माण एवं सम्बद्ध बैंको के सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 8.22 | 0.17 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 17 | जनपद बिजनौर में रसूलपुर राजवाह के कि0मी0. 0.580 पर क्षतिग्रस्त वी0आर0बी0 के पुनर्निर्माण एवं हैड रेगुलेटर की मरम्मत का कार्य। | 15.80 | 0.32 | 02 माह | 354.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 18 | जनपद बिजनौर में चकमनी अल्पिका के कि0मी0 1.500 पर स्थित क्षतिग्रस्त वी0आर0बी0 के पुनर्निर्माण एवं हेड गेट की मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य। | 5.81 | 0.12 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 19 | अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर कार्यालय परिसर में स्थित फील्ड हॉस्टल के जीर्णोद्वार का कार्य। | 3.85 | 0.08 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 20 | जनपद बिजनौर की तहसील धामपुर स्थित अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर के खण्डीय कार्यालय में फ्लोर टाईल्स लगाने एवं आंशिक मरम्मत का कार्य। | 5.00 | 0.10 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 21 | जनपद बिजनौर में मानियावाला राजवाह के कि0मी0 3.380 पर वी0आर0बी0 कम फॉल के पुनर्निर्माण एवं सम्बद्ध बैंकों के सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 8.02 | 0.17 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 22 | Repair of VRB at Km 0.150 of Budhanpur Mr. In distt. Moradabad for the Year 2025-26 | 4.15 | 0.09 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 23 | Repair of Syphon at Km 7.100 of Budhanpur Mr. In distt. Moradabad for the Year 2025-26 | 4.73 | 0.10 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 24 | Repair of Pipe culvert at Km 7.180 of Budhanpur Mr. In distt. Moradabad for the Year 2025-26 | 3.76 | 0.08 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 25 | Repair of VRB at Km 18.500 of Gakkharpur Dy. In distt. Moradabad for the Year 2025-26 | 4.01 | 0.09 | 02 माह | 177.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 26 | Repairing/extension of V.R.B. at Km 2.300 of Roshanpur Dy. In distt. Moradabad for the Year 2025-26 | 11.08 | 0.23 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 27 | Repairing/ extension of V.R.B. at Km 22.500 of Roshanpur Dy. In distt. Moradabad for the Year 2025-26 | 10.54 | 0.22 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |
| 28 | Repair of pitching & flooring work at Km 7.600 of Roshanpur Dy. In distt. Moradabad for the Year 2025-26 | 8.65 | 0.18 | 02 माह | 266.00 | 'सी' एवं उच्चतर |

नोटः–

1– जी0एस0टी0 विभाग द्वारा नियमानुसार प्रचलित दरों के अनुसार अलग से देय होगी।

2– यह ई–निविदा/बिड की सूचना प्रपत्र एवं विस्तृत शर्तें सूचना प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की बेबसाइट http://etender.up.nic.in निदेशक सूचना की बेबसाइट http://information.up.gov.in तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश की बेबसाइट http://idup.gov.up.in पर उपलब्ध है।

3– किसी भी प्रकार का शुद्धि पत्र बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड किया जायेगा तथा जिसको पोर्टल पर देखने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदाकार की होगी।

R.O.No. 239463 Date: 25-10-2025
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर
बिजनौर

# सरकार को वापस लेने चाहिएं काले कानून- चंद्रहास सिंह




बिजनौर ( चिंगारी )। दिल्ली महारैली की सफलता को लेकर सहारनपुर मण्डल की एस इंटर कॉलेज में मंडलाध्यक्ष तालिब हसन की अध्यक्षता एवं मंडलीय उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा के संचालन में बैठक का आयोजन किया गया, जिसे संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए निरंतर संघर्ष जारी है। संघर्ष के क्रम में 25 नवंबर को टीईटी अनिवार्यता व यूपीएस–एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में राष्ट्रीय आवाह्न पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में महारैली आयोजित की जाएगी। रैली में देश के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। मंडल अध्यक्ष तालिब हसन ने सभी विभागीय संगठनों से आगामी महारैली की सफलता के लिए सहयोग एवं समर्थन की अपील की। मंडलीय मंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़ संकल्पित है। मंडल उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा ने कहा कि आरटीई एक्ट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर थोपे जा रहे टीईटी की अनिवार्यता का भी पुरजोर विरोध करेंगे। बैठक में शामिल जिलाध्यक्ष नवनीत गहमरी, जिला महामंत्री प्रताप सिंह, सहारनपुर जिला संरक्षक डॉ. अजय शर्मा, जिला महामंत्री पंकज सिरोही, बिजनौर जिला महामंत्री सुभाषचंद्र यादव, जिला दिवाकर चौधरी, राकेश कुमार रवि, शिवकुमार कटारिया, पंकज सिरोही, सुरेन्द्र पान्डेय, अमित कुमार, महेंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह, हरिपाल सिंह, लहरी सिंह, डॉ. दीपक गर्ग, यशपाल अरोरा, रमेश चंद, सुनील पंवार, अनिल सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी, सार्थक शर्मा, संजय राठी, प्रशांत शर्मा, कपिल शर्मा, अशोक कुमार, विनय त्यागी, डॉ. राजबल सिंह, अजय गुप्ता, विरेन्द्र कुमार, रवि कुमार, संचय त्यागी, हंस कुमार, विजय सिंह, नीरज बालियान, संचय त्यागी आदि पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

# हिना पैसों की डिमांड कर रही थी बार-बार प्रेमी ने चाकू से गला रेतकर दिया मार

**नगीना (चिंगारी)।** पुलिस ने मुख्य आरोपी माजिद को गिरफ्तार कर हिना हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। हत्याकांड में प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। आरोपी ने मृतका द्वारा बार-बार रुपयों की डिमांड करने से आजिज़ आकर हत्या की घटना को अंजाम दिये जाने की बात स्वीकार की है।

शुक्रवार की रात्रि करीब 10:30 बजे नगीना पुलिस को कोतवाली मार्ग पर हाईवे किनारे झाड़ियों में एक महिला का रक्तरंजित शव पड़ा मिला था। मृतका की पहचान नहटौर निवासी हिना के रूप में हुई थी। पुलिस ने मृतका के पति नजाकत की तहरीर पर बिजनौर निवासी माजिद व चांदपुर निवासी सुल्तान के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने मुख्य आरोपी माजिद को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसके मृतका से पिछले करीब पांच साल से संबंध बने हुए थे। मृतका बार-बार अपने संबंधों का हवाला देते हुए उससे रुपये ऐंठने का काम कर रही थी। माजिद का आरोप है कि वह कई बार उसे रुपये दे भी चुका था। बार-बार महिला द्वारा रुपयों की डिमांड करने व झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी देने से तंग आकर उसने उसे रास्ते से ही हटाने का मन बना लिया। योजना के अनुसार बृहस्पतिवार को रात्रि वह अपने दोस्त सुल्तान के साथ महिला के घर पहुंचा तथा दवाई दिलाने का बहाना बनाते हुए उसे अपने साथ ले गया। उसने पुलिस को बताया कि कार के अंदर ही रास्ते में चाकू से गला रेत कर उसने हिना की हत्या कर दी।

सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि हिना की हत्या करने के बाद माजिद ने शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। उसके साथी सुल्तान ने उसे नगीना में गांगन नदी के पुल के पास झाड़ियों में शव को फेंकने की बात समझाई। सुल्तान की नगीना में रिश्तेदारी है, इसलिए माजिद को उसकी बात समझ में आ गई और उसने हिना के शव को नगीना में हाईवे किनारे झाड़ियों में फेंक दिया और दोनों वहां से निकल गए।




### माजिद के पास से चाकू व ऑल्टो कार बरामद

**सीओ डॉक्टर अंजनी चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस ने माजिद के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू व ऑल्टो कार बरामद कर ली है। उन्होंने बताया कि हत्याकांड में शामिल दूसरे आरोपी सुल्तान की भी शीघ्र गिरफ्तारी करा ली जाएगी।**

# कुरीतियां रोकने का आह्वान व्यापार पर देना होगा ध्यान



## ग्राम फलौदी में हुई जाट जागृति मंच की बैठक

**नहटौर (चिंगारी)।** जाट जागृति मंच एसोसिएशन की बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया गया। फिजूल खर्ची व मृत्यु भोज रोकने का आह्वान किया। आगामी बैठक 25 नवंबर को मटोरामान में होगी।

ग्राम फलौदी में लोकेंद्र सिंह ढोढवाल के आवास पर आयोजित बैठक में वक्ताओं ने समाज में बढ़ते नशे पर चिंता जताई। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ बिजनेस कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नौकरियां सीमित हैं। जीवन यापन के लिए समाज के युवाओं को व्यापार की ओर भी ध्यान देना चाहिए। प्रत्येक रविवार को गांव-गांव में बैठक करने का आह्वान किया गया। निर्माणाधीन भवन के विकास को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने आपसी मनमुटाव को दूर कर सौहार्द बनाने का आह्वान किया। सितम सिंह की अध्यक्षता एवं स्वामी आनंद के संचालन में आयोजित बैठक में अध्यक्ष चौ.गुणवान सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवनिहाल सिंह, संजीव चिकारा, सुनील कुमार, घसीटा सिंह, महेंद्र प्रधान, मा.विजयपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, शौबिर सिंह, सोनू सिंह जलालपुर, विनित कुमार, तेजवीर सिंह, अमीन साहब, प्रेम सिंह, जय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हीमपुर दीपा पुलिस ने चलाया छापामार अभियान, पांच को पकड़कर किया चालान

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** हीमपुर दीपा पुलिस द्वारा छापामार अभियान चलाया गया। पुलिस की टीमें गैंगस्टर सहित पांच आरोपियों को पकड़ने में कामयाब रही। थाने में 25 अक्टूबर 2025 को गैंगस्टर अधिनियम बनाम रवि कतली 8 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। सभी आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने एक सफल योजना बनाई, इसके बाद पुलिस की तीन टीमों ने रविवार को वांछित आरोपी मोहित कश्यप पुत्र सुमेर सिंह निवासी रजुपुरा, मंजू थाना नगीना, शांतनु पुत्र जगदेव सिंह राठी निवासी मुस्तफापुर, आसू उर्फ बड़ा पैमार चौकी भनेड़ा, किरतपुर, फिरोज अख्तर पुत्र मुस्तकीम निवासी मोहल्ला अंसारियान कस्बा किरतपुर, मोहित पुत्र धर्मेंद्र निवासी बूढ़पुर किरतपुर, संतोष पुत्र सदाशिव निवासी डब्लेश्वर संगल महाराष्ट्र को अचानक दबोच लिया। सभी आरोपियों के विरुद्ध हीमपुर दीपा, चांदपुर, नूरपुर आदि थानों के अभिलेखों में गैंगस्टर आदि अन्य संगीन धाराओं में पहले से ही अनेक मुकदमे दर्ज बताये जा रहे हैं। हीमपुर दीपा पुलिस की इस ताबडतोड़ कार्यवाही से अपराधी और वांछितों में जहां हड़कंप मचा है, वहीं क्षेत्र के लोग अब राहत महसूस करने लगे हैं। थानाध्यक्ष हीमपुर दीपा विजेंद्र कुमार राठी की इस कार्यशैली की क्षेत्र में काफी सराहना की जा रही है।



ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# अनोखा प्रयास श्रेष्ठ छात्र पुरस्कार परीक्षा सम्पन्न

## 2342 में से 2167 परीक्षार्थी हुए शामिल

**चांदपुर (चिंगारी)।** सामाजिक एवं शैक्षिक संस्था अनोखा प्रयास वैलफेयर सोसाइटी द्वारा जनपद के 9 परीक्षा केंद्रों पर अनोखा प्रयास श्रेष्ठ छात्र पुरस्कार परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें पंजीकृत 2342 परीक्षार्थियों में से 2167 परीक्षार्थी शामिल हुए। संस्था के अध्यक्ष चित्र कुमार सिंह ने बताया कि अनोखा प्रयास सोसाइटी स्वप्रेरित शिक्षकों का एक समूह है, जो शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करती है। संस्था का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में स्थित सरकारी विद्यालयों के होनहार विद्यार्थियों की खोज करना और उन्हें भावी जीवन के लिए उचित दिशा एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है। परीक्षा में सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विषय एवं गणित से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। यह परीक्षा प्राथमिक स्तर व उच्च प्राथमिक स्तर के लिए अलग-अलग आयोजित की गई। दोनों स्तरों की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों में शीर्ष 10 छात्रों का जिला स्तर पर एवं इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकास क्षेत्र से शीर्ष तीन छात्रों का ब्लॉक स्तर पर चयन करके पुरस्कृत किया जाएगा। उच्च प्राथमिक स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 10000 रुपये का नकद ईनाम, द्वितीय को 5000 रुपए, तृतीय को 2100 रुपए तथा शेष सात को 1000-1000 रुपए एवं प्राथमिक स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 5000 रूपये का नकद ईनाम, द्वितीय को 3100 रुपए, तृतीय को 2100 रुपए तथा शेष सात को 1000-1000 रुपए की धनराशि, सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। ब्लॉक स्तर पर दोनों स्तरों में प्रत्येक ब्लॉक से शीर्ष 3 विद्यार्थियों को गिफ्ट हैम्पर, सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। जलीलपुर ब्लॉक की परीक्षा हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर में संपन्न हुई, जिसमें पंजीकृत 510 बच्चों में से 475 उपस्थित थे। इस परीक्षा में कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने में देशराज सिंह, शलभ गुप्ता, मंसाराम, रिक्की, नागेंद्र गिरि, सुदेश कुमार, प्राची, मानसी, टीना, अनम, निशा, उर्वशी, महक, हिमांशी, क्रिस्टीना, भावना, एंजिल, सतवेंद्र, सबीहा, रिया, कशिश, आदित्य, सानिया और बुशरा आदि का सहयोग रहा।


परीक्षा देते बच्चे

# विवेक यूनिवर्सिटी ने छत्रपति शिवाजी महाराज यूनिवर्सिटी, नवी मुंबई के साथ साइन किया एमओयू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर विवेक यूनिवर्सिटी, बिजनौर और छत्रपति शिवाजी महाराज यूनिवर्सिटी, नवी मुंबई के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एम ओ यू का उद्देश्य शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, छात्र विकास, कौशल निर्माण एवं फैकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रमों के माध्यम से दोनो विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग करना है।

इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। इस एमओयू के अंतर्गत संयुक्तअनुसंधान परियोजनाओं, छात्र एवं शिक्षक विनिमय कार्यक्रम, औद्योगिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, सेमिनार एवं कार्यशालाओं के आयोजन पर सहमति व्यक्त की गई।




## उच्च शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग का नया अध्याय

कुलाधिपति श्री अमित गोयल ने कहा विवेक यूनिवटी का लक्ष्य सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूण और व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करना रहा है। यह एमओयू हमारे विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई संभावनाएं खोलेगा। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक और अनुसंधान संबंधों को मजबूत करेगी तथा विद्यार्थियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगी। प्रो. कुलाधिपति दीपक मित्तल ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों को नई तकनीकों, विचारों और संस्कृतियों से जोड़ने में मदद करेगा। विवेक यूनिवर्सिटी इस सहयोग के माध्यम से छात्रों को प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

कुलपति प्रो. (डॉ.) एन. के. गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा छत्रपति शिवाजी महाराज यूनिवर्सिटी के साथ यह सहयोग विवेक यूनिवर्सिटी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इस एमओ यू से विद्यार्थियों को उद्योग के साथ जुड़ाव, इंटर्नशिप और प्रायोगिक अनुभव प्राप्त होगा।

वित्तीय सलाहकार अनिल शर्मा ने कहा आज की शिक्षा बहुआयामी हो चुकी है। इस एमओयू के माध्यम से विद्यार्थियो को न केवल तकनीकि ज्ञान प्राप्त होगा, बल्कि वे अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी अपनी पहचान स्थापित कर पाएंगे। इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालयों की ओर से डॉ. विकास कुमार (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटरसाइंस एण्ड इंजीनियरिंग प्रो. (डॉ.) हर्ष कुमार, ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगा और दोनों संस्थान शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करते रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. राशि तंवर, ईला सिंह, प्रो. प्रांशु कुमार, प्लेसमेंट ऑफिसर नितिश वर्मा का योगदान रहा।

## अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में खुलेंगे नये द्वार

कुलसचिव हितेश शर्मा ने कहा दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुआ यह समझौता शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार खोलेगा। विवेक यूनिवर्सिटी निरंतर ऐसे प्रयास करती रहेगी, जिससे विद्यार्थी आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप अपने कौशल का विकास कर सकें और समाज के निर्माण में योगदान दें। स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस एण्ड इंजीनियरिंग के डीन प्रो. (डॉ.) हर्ष कुमार ने कहा कि यह सहयोग तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी सिद्ध होगा। हमारे विद्यार्थियों को अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे आधुनिक विषयों पर संयुक्त प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्री-आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह कदम उन्हें भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करेगा।

# आभा फाउंडेशन के शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ी

**चांदपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र की प्रमुख सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 5वें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में लगभग 2800 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 230 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन व 1450 लोगों को चश्मों के लिए चयनित किया गया। शिविर में लगभग 1100 लोगों को नि:शुल्क दवाइयां भी दी गईं।

## करीब 2800 लोगों की आंखों की जांच की गई

रविवार को ब्लाक जलीलपुर स्थित बाल विकास विद्यालय में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में चयनित लोगों को 2नवम्बर को चश्मों का वितरण किया जाएगा।

आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में अब तक 5वीं बार नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें अब तक 13हजार से अधिक लोग इसका लाभ उठा चुके हैं। इसके अलावा आभा फाउंडेशन की ओर से प्रतिवर्ष सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए हजारों की संख्या में लिहाफों का वितरण किया जाता है, जरुरतमंद गरीब कन्याओ के हाथ पीले कराये जाने के साथ साथ बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की गई। क्षेत्र की प्रमुख समाज सेविका एवं सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने बताया कि 16 नवम्बर को 60 वर्ष से अधिक की आयु वाले बुजुर्गो में लिहाफ वितरण किया जायेगा तथा 10 दिसम्बर को गरीब कन्याओ में साईकिल का वितरण किया जाएगा। श्रीमती आभा सिंह का कहना था कि उनका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग तक मदद पहुंचाना है। यह सेवा भाव उन्हें उनके पति पुष्पराज सिंह से प्रेरणा के रूप में मिला है।आभा फाउंडेशन द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्य की क्षेत्रवासी प्रशंसा कर रहे हैं।


शिविर में आई महिलाओं से बात करती श्रीमती आभा सिंह

# माता रानी का जागरण आयोजित किया



चंडी देवी मंदिर हरिद्वार से दिव्य ज्योति लाते जोशी समाज के युवा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गत रात्रि स्थानीय मुहल्ला जोशियान में माता रानी के छठे भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जोशी युवा जागरण कमेटी नांगल सोती के द्वारा पिछले 6 वर्षो से मुहल्ले में सुख-शांति के वास हेतु माता रानी का जागरण कराया जाता है। आयोजन में मुहल्ला जोशियान के युवाओं का विशेष योगदान रहता है। आयोजन कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस विशाल जागरण को कराने के लिये महीनों से तैयारी की जा रही थी। युवाओं की टीम माता चंडी देवी से दिव्य ज्योति को लेकर आती है , जिससे जागरण की मुख्य ज्योति प्रज्वलित की जाती है। अतुल जोशी, अवनीश जोशी, रजनीश जोशी, नवीन, तरुण जोशी, अंकुर जोशी, अंकित जोशी, जतिन जोशी, राजा, प्रियांशु , कनिस , आयुष माता चंडी देवी मंदिर से दिव्य ज्योति लेकर आये थे। विशाल जागरण में आशु म्यूजिकल ग्रुप नहटौर के द्वारा माता रानी के गीतों का गुणगान किया गया। जागरण में सचिन अलबेला , आशु भार्गव , संजू पागल ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। रोहित ने सुंदर झांकियों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु माता रानी के गीतों पर रातभर झूमते रहे। अमन , सनी , वरुण , विमल, अभिषेक , लालू , नितिन, आकाश,अश्वनी, प्रियांशु, प्रशांत, कुलदीप, रोहित, संदीप, अतुल , सुधीर , सचिन , भीम , मुकुल , अंकित , अनिकेत आदि का सहयोग रहा।

# टीकम सिंह सेंगर जिला अध्यक्ष, रोबिन कुमार जिला मंत्री निर्वाचित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बिजनौर स्थित संघ भवन कार्यालय में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कर्मचारी संयुक्त परिषद बिजनौर का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में समस्त मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ एवं योगेंद्र पाल सिंह योगी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की देखरेख में हुए चुनाव में टीकम सिंह सेंगर,जिला अध्यक्ष रोबिन कुमार, जिला मंत्री एवं भुवनचंद पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए अपेक्षा की गई कि अब संगठन पहले से अधिक मजबूत एवं सक्रिय होकर कार्य करेगा। इस चुनाव प्रक्रिया में डॉ. सुबोध चंद्र शर्मा, नरेंद्रकुमार, ओपी शर्मा, सुजीत कुमार, वीके वर्मा, पूरन सिंह,नकुल कुमार, महबूब अली, दीपक कुमार,हिमांशु कुमार पंकज कुमार वर्मा, मेघराज सिंह आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।



# मय्यत के खाने में बिरयानी की जगह काली दाल की खिचड़ी बनाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। अकबरपुर चौगावां में भारतीय किसान यूनियन सेवा की एक ग्राम कमेटी बनी थी, जिसमें कमेटी के लोगो ने पूरे समाज के लोगों को बुलाकर तय किया था कि उनके गांव में किसी भी मैयत के खाने में अब बिरयानी की जगह काली दाल की खिचड़ी बनाई जाएगी। अकबरपुर चौगांवा की भारतीय किसान यूनियन सेवा की कमेटी के लोगों ने यह काम अपने गांव में कर दिखाया है। 25 अक्टूबर 2025 को अकबरपुर चौगांवा में इरशाद का इंतकाल हो गया था। जिसके दफीने में समाज के काफी लोगों ने शिरकत कर अल्लाह से मरहूम की मगफिरत व जन्नत ए फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाने तथा परिवार व रिश्तेदारों को सबरे जमील अता फरमाने की दुआ की। मैयत के खाने में बिरयानी ना बनाकर काली दाल की खिचड़ी बनाई गई। यह एक अच्छी पहल बताई गई। समाज के सभी लोगों से अपने शहर व गांवों में समाज को नुकसान पहुंचाने से रोकने की पूरी कोशिश करने की अपील की गई। इस मौके पर भाकियू सेवा के राष्ट्रीय सचिव मोनीस अहमद पूर्व प्रधान, ग्राम अध्यक्ष निजामुद्दीन, मौ. ताहिर, इसराइल, मौ. अकबर, मौ. फैयाज, मौ. दानिश, नसीम अहमद, समीर मलिक, फुरकान अहमद, मौ. आरिफ, मौ. नासिर, मोबीन अहमद, शमी अहमद, फतेह अली, फरमान अहमद, रईस अहमद, मौ. शाहिद, मौ. तालिब, महबूब अहमद, मुस्तकीम अहमद आदि उपस्थित रहे। भारतीय किसान यूनियन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम ने अकबरपुर चौगांवा कमेटी के लोगों की अच्छा काम करने के लिए सराहना की।


मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ करते समाज के लोग।

## नूरपुर में 29 अक्टूबर को ऑल इण्डिया मुशायरा



बिजनौर (चिंगारी) आपसी भाईचारे को और अधिक मजबूत बनाने के लिये नूरपुर में 29 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे खालसा इंटर कालेज के मैदान में ऑल इण्डिया मुशायरा आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मुशायरा कनवीनर नौजवान शायर कुंवर नबील मिकरानी ने बताया कि मुशायरे की निजामत जाने-माने नाजिम नदीम फारूख करेंगे। मुख्य अतिथि फजलुर्रहमान अंसारी होंगे। मंच की जिम्मेदारी सरदार गुरूचरन सिंह संभालेंगे। मुशायरे की तरतीब महमूद हसन मिकरानी के हाथों में है। उन्होंने बताया कि नूरपुर में यह मुशायरा लगातार चौथी बार हो रहा है।

## ग्राम प्रधान ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ


क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते ग्राम प्रधान मुस्तफा मकरानी।

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम राहतपुर में रविवार को राहतपुर प्रीमियर लीग जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन ग्राम प्रधान मुस्तफा मकरानी ने किया। इस अवसर पर मुस्तफा मकरानी ने खिलाड़ियों से परिचय कर खेल के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिता से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। जिससे वे ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर क्षेत्र का नाम रोशन करते है। क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच मिर्जापुर सैद व पठानपुरा की टीमों के बीच खेला गया। शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए मिर्जापुर सैद की टीम ने पठानपुरा की टीम को 8 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में धमाकेदार जीत दर्ज की। टीम के कप्तान आफाक के उत्कृष्ट प्रदर्शन व टीम के अनुशासित खेल की सराहना करते हुए ग्रामवासियों ने हौसला अफजाई की। क्रिकेट मैच के कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद खुशनूद, मोहम्मद आसिम, मोहम्मद ईसा ने सभी क्रिकेट प्रेमियों का स्वागत किया। इस मौके पर वाजिद मकरानी, भोलू ठेकेदार, अब्दुल रहमान अल्वी, ताहिर हुसैन, शमशाद आरजू, नन्हे आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की शिकायत

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत जलालाबाद के मौहल्ला हरिजन बस्ती निवासी मौहम्मद असलम ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में कहा कि नगर पंचायत जलालाबाद कार्यालय में नईम अंसारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। नगर पंचायत में इसका सफाई संबंधी कार्य है। मगर इस कर्मचारी को आफिस में कुर्सी पर बैठाकर आफिस के लिपिक का काम कराया जा रहा है। आरोप है कि उक्त कर्मचारी नगर पंचायत की जनता को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य कार्य के लिए परेशान करता हैं। आरोप है कि लोगों को काम कराने के लिए नगर पंचायत कार्यालय के बार-बार चक्कर लगवाता है। मौ. असलम ने मामले की जांच कराकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से उसका जो कार्य है वही कार्य कराने तथा आफिस के काम से हटाने की मांग की।

सच का साथी झूठ पर भारी अखबार हमारा चिंगारी

गरीबों, कमजोरों, शोषितों, पीड़ितों, वंचितों की आवाज तथा सांप्रदायिक सौहार्द व भाईचारे के प्रतीक सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर समस्त जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व मुबारकबाद


राशिद हुसैन
पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी बिजनौर

आपका भाई/आपका बेटा

राग़िब हुसैन उर्फ शहज़ादा

वरिष्ठ नेता
समाजवादी पार्टी बिजनौर


राग़िब हुसैन उर्फ शहज़ादा

लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की
40वीं वर्षगांठ पर
चिंगारी संपादक श्री सूर्यमणि रघुवंशी व समस्त चिंगारी परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं



सौरभ राणा
प्रबंधक
राणा ब्रिक्स वर्क्स
चांदपुर-फीना रोड
प्रबंधक- मंथन हास्पिटल, देवी मंदिर के सामने, शिवलोक कालोनी, चांदपुर




लोकप्रिय अख़बार सांध्य दैनिक चिंगारी की
40वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

मोहन मुर्गे वाला

जिले का एकमात्र जाना-पहचाना नॉनवेज होटल

सभी नॉनवेज खाने की वैरायटी उपलब्ध हैं।



प्रो. मनोज आर्य
पता- नगर पालिका कार्यालय के पास, बिजनौर

# राजकीय इण्टर कॉलेज रिखणीखाल में शहीद स्मरण समारोह का आयोजन

## सीएम धामी ने वीर नारियों, शहीदों के परिजनों व पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

### 102.82 करोड़ की लागत से विकास योजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज रिखणीखाल में आयोजित शहीद स्मरण समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 102.82 करोड़ रुपये की लागत से संबंधित 11 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 56.58 करोड़ रुपये की लागत की 06 योजनाओं का लोकार्पण तथा 46.24 करोड़ रुपये की लागत की 05 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

कार्यक्रम के संयोजक एवं स्थानीय विधायक महंत दिलीप रावत ने मुख्यमंत्री धामी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें पारंपरिक गदा भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वीर नारियों, शहीदों के परिजनों एवं पूर्व सैनिकों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा पहाड़ी परंपरा के अनुरूप ओखली में धान की कुटाई, सिलबट्टे पर चटनी पीसने और मट्ठा बिलोने की गतिविधियों में सहभागिता की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देने का क्षण है। साथ ही परमवीर चक्र तथा अन्य पुरस्कार विजेताओं की पुरस्कार राशि में अभूतपूर्व वृद्धि की गयी है। सैनिकों को भूमि खरीद पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी के रूप में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। स्थानीय विधायक महंत दिलीप रावत ने रिखणीखाल आगमन पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पहाड़ की जनता प्रदेश सरकार से विकास की आस लगाए बैठी है। पहाड़ की ज्वलंत समस्याओं के समाधान से ही यहां से पलायन रूक सकता है, इस दिशा में प्रदेश व केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग पं. राजेंद्र अण्थवाल, जिला पंचायत सदस्य अनूप पटवाल, ब्लॉक प्रमुख रिखणीखाल रेणु रावत, प्रमुख जयहरीखाल रणवीर सजवाण, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, अध्यक्ष भाजपा कोटद्वार राज गौरव नौटियाल, कैप्टन मनवर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र रावत सहित बड़ी संख्या में शहीद परिजन, सैनिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।



## बड़ी मण्डी में विदुर डिपार्टमेंटल स्टोर खोलने का विरोध बढ़ रहा लगातार



उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देते हुए किसान यूनियन के पदाधिकारी।

### एसडीएम को दिया ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा के नेतृत्व में आज किसानों ने उप जिला अधिकारी को दिये ज्ञापन में विदुर डिपार्टमेंटल स्टोर को बड़ी मंडी के प्रांगण में ना खोलकर नगर में किसी अन्य स्थान पर संचालित किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बड़ी मंडी में किसान गुड़ और चीनी को लेकर ट्रैक्टर ट्राली द्वारा जाते हैं ऐसे में वहां डिपार्टमेंटल स्टोर खुलने से किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा ज्ञापन देने वालों में अरविंद कुमार, सुनील कुमार, वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार आदि शामिल रहे। उधर, मंडी युवा व्यापार संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू महामंत्री विपुल जैन, कोषाध्यक्ष मनोज धनोरिया ने भी उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर अशोक स्तंभ के पास डिपार्टमेंटल स्टोर खोले जाने के लिए भूमि चिन्हित करने पर गहरा रोज व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि इससे राष्ट्रीय स्मारक अशोक स्तंभ का सौंदर्यकरण प्रभावित होगा तथा मंडी में आने वाले दुकानदारों और ग्राहकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

## शांतिभंग के मामले में नहीं मिली बेल, सात लोग गये जेल

**नहटौर ( चिंगारी )।** दीपावली पर ग्राम खजूराजट में हुए विवाद में पुलिस ने 7 लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया। मामले में सुनवाई करते हुए एसडीएम ने सातों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। ग्राम खजूराजट में दीपावली के अवसर पर पटाखा छुड़ाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए एक-दूसरे पक्ष पर हमला करने के आरोप लगाए थे। रविवार को पुलिस ने मामले में एक पक्ष के कपिल पुत्र बलराम, मुकुल पुत्र कपिल, सुधांशु पुत्र छत्रपाल, विवेक पुत्र अतर सिंह एवं दूसरे पक्ष के हिमांशु पुत्र नरेश, नरेश व सुरेश को हिरासत में लेकर उनका शांति भंग में चालान कर दिया था। उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा ने मामले में सुनवाई करते हुए सभी सातों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने पुष्टि करते हुए बताया कि शांति भंग में उक्त सभी लोगों को जमानत नहीं मिली है और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए हैं।



हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए।

## छात्राओं को हेल्पलाइन की जानकारी दी

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नगीना देहात पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव रायपुर सादात स्थित नौबहार मेमोरियल स्कूल की छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं व टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। प्रोजेक्टर पर हेल्पलाइन नंबर से संबंधित वीडियो क्लिप दिखाई गई। इस दौरान सरकार द्वारा जारी विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों- वूमेन हेल्पलाइन नंबर, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर, पुलिस आपातकालीन सेवा एंबुलेंस नंबर, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जागरूक करते हुए एवम सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान अपराध निरीक्षक उदय सिंह, आशीष धामा, महिला कांस्टेबल विशाखा, कांस्टेबल सरिता शामिल रहे।

## मुरलीवाला में पकड़ा गया एक और गुलदार



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला में वन विभाग द्वारा कई दिन पूर्व लगाए गए पिंजरे में एक और गुलदार कैद हो गया है, जिसे रात में ही पिंजरे सहित फिलहाल नगीना वन रेंज की पीलीडैम वन चौकी पर ले जाया गया है, जहां उसकी पूरी देखभाल की जा रही है और वनाधिकारी अग्रिम प्रक्रिया में लगे हुए हैं। बता दें कि कई दिनों से अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला के आसपास गुलदार शिकार की तलाश में घूमते देखे जा रहे हैं। बार-बार सूचना दिए जाने के बाद वनकर्मियों ने गांव के दो अलग-अलग छोर पर पिंजरे लगाए थे जहां गांव से चंद कदम की दूरी पर गोरखनाथ सिद्ध स्थल के पास एक खेत में लगाए गए पिंजरे में बीती रात एक गुलदार कैद हो गया। नगीना वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पिंजरे में कैद लगभग 4 वर्ष आयु का यह नर गुलदार स्वस्थ है। प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश प्राप्ति उपरांत इसे छोड़ने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

## रघुकुल ग्लोबल एकेडमी में हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**पैजेनिया ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम पैजनियां स्थित रघुकुल ग्लोबल एकेडमी में शनिवार को अंतर-हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस- भृकुल, कवचकुल, रविकुल और सिंहकुल ने भाग लिया। सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला रविकुल हाउस और कवचकुल हाउस के बीच खेला गया, जिसमें रविकुल हाउस ने शानदार खेल दिखाते हुए 19-12 के स्कोर से विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता में सानिब, लवी, कुनाल, राजवंश, गुरप्रीत, नवजोत, केशव, उज्जवल आदि खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता में अरमान मलिक को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज़ घोषित किया गया, जबकि अयान मलिक को मैन ऑफ द मैच का सम्मान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी त्यागी ने सभी छात्रों को मेडल प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन एवं खेल अध्यापक ने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्साहपूर्वक खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रबंधक श्रीमती आशा त्यागी, अभिनव त्यागी, रविन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार, सोमवीर सिंह, निशा गुप्ता आदि अध्यापक उपस्थित रहे और सभी ने खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का संदेश दिया।



## धूमधाम से मनाई गई भगवान चित्रगुप्त जयंती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्री नौबत राय चित्रगुप्त मंदिर में चित्रगुप्त जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर में हवन और भण्डारे का आयोजन किया गया। हवन में मुख्य यजमान राजेन्द्र भटनागर एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शिखा भटनागर तथा संजीव श्रीवास्तव एवं उनकी धर्म पत्नी श्रीमती रितु श्रीवास्तव रहे। मंदिर में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। भण्डारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमती रेखा भटनागर एवं रंगोली भटनागर ने श्रद्धालुओं का विशेषतौर पर स्वागत किया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रांतीय सचिव ओम सहाय भटनागर ने सभी श्रद्धालुओं को भगवान चित्रगुप्त जयंती की शुभकामनाएं दी।

# सच का साथी झूठ पे भारी... अख़बार हमारा चिंगारी

-मौहम्मद इरशाद मलिक

**हल्दौर (चिंगारी)।** चिंगारी की 40 वीं वर्षगाठ का जश्न मनाने का सिलसिला जारी है। नगर के व्यापारियों, राजनेताओं व समाजसेवी लोगों ने केक काटकर चिंगारी की 40 वीं वर्षगाठ हर्षोल्लास के साथ मनाई।

रविवार की शाम यहां जामा मस्जिद बाजार में स्थित नगर पालिका परिषद के सभासद वरुण अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर लोकप्रिय साध्य दैनिक चिंगारी की 40 वीं वर्षगांठ का सेलिब्रेशन आयोजित किया गया, जिसमें नगर के समाजसेवी शादीलाल मारवाड़ी ने केक काटा। इस मौके पर उपस्थित सभी नागरिकों ने एक-दूसरे को चिंगारी की वर्षगांठ की बधाई देते हुए कहा की यह जनपद बिजनौर के लिए गौरव की बात है। सभासद वरुण अग्रवाल ने कहा कि चिंगारी हमारे अपने जिले का अख़बार है और बहुत ही प्रसन्नता की बात है कि आज 40 वर्ष लोकप्रिय चिंगारी के पूर्ण हो गये हैं। सच्ची ख़बर है व उत्कृष्ट पत्रकारिता सिर्फ चिंगारी में ही है। रोटरी क्लब अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन कुमार ने कहा कि आज चिंगारी को 40 साल पूरे हो गए हैं। सभी को बधाई हो, चिंगारी के सामने कोई भी एक अख़बार टिक नहीं पाया है, 40 साल में चिंगारी ने निरंतर अपने कदमों को आगे बढ़ाया है, हमें आशा है कि चिंगारी बहुत ऊपर तक जाएगा।

वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंडलध्यक्ष हल्दौर दर्पण रावल ने चिंगारी की 40 वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा कि कितना संघर्ष करते हुए सांध्य दैनिक चिंगारी आज इस मुकाम तक पहुंचा है कि आज शुरुआत चैनल की भी करने जा रहा है। उसके लिए भी हार्दिक शुभकामनाएं। समाजसेवी शादीलाल मारवाड़ी ने कहा कि चिंगारी हमारे जिले की आन बान शान है। चिंगारी संपादक मंडल, संवाददाताओं व पाठकों को बहुत-बहुत बधाई। व्यापारी धीरज रस्तौगी ने चिंगारी की 40 वीं वर्षगांठ पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चिंगारी हम सबकी शाम की चाय का साथी है। रेडीमेड गारमेंट्स व्यापारी मौ.राशिद मलिक ने भी चिंगारी की 40 वीं वर्षगांठ पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि बहुत अख़बार आए जो शाम के समय में प्रसारित होते थे, छोटे-मोटे बड़े भी, लेकिन चिंगारी के सामने कोई टिक नहीं पाया और चिंगारी ने एकदम निष्पक्ष पारदर्शिता बरतते हुए सारी ख़बरें निष्पक्ष लगायीं तथा सारे मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया है। हल्दौर में वरिष्ठ पत्रकार इरशाद भाई इस अख़बार को काफी लंबे समय से संभाल रहे हैं, उनको भी बहुत-बहुत बधाई।

व्यापारी व रोटरी क्लब के सचिव अनूप अग्रवाल ने कहा कि लोकप्रिय चिंगारी के 40 वर्ष पूर्ण होना यह जनपद बिजनौर और जनपदवासियों के लिए बहुत गौरव की बात है, क्योंकि चिंगारी अख़बार हमारे जिले की पहचान है। मदीना जामा मस्जिद के मुअज्जन रहे हाफिज मौहम्मद हसन का कहना है कि वह करीब 30 सालों से चिंगारी अख़बार को पढ़ते चले आ रहे हैं। चिंगारी अख़बार बिजनौर की पहचान व गरीबों, मजदूरों, मजलूमों, असहायों, रिक्शा चालकों, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों छात्र-छात्राओं आदि सभी के मुद्दों को प्रमुखता से उठाता चला आ रहा है। व्यापारी ब्रजेश अग्रवाल का कहना है कि चिंगारी दिनभर की ताजा ख़बरें शाम को अपने पाठकों तक पहुंचाता है, यह शाम का एकमात्र लोकप्रिय अख़बार है। गन्ना समिति हल्दौर के नामित संचालक वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी ने चिंगारी के संस्थापक स्व.बाबू सिंह चौहान को नमन करते हुए कहा कि चिंगारी एक अख़बार नहीं मिशन है यह जन-जन का अख़बार है, यह सभी वर्गों के हित में आवाज उठाने वाली चिंगारी है। यह जनपद सहित देश-दुनिया की ताजा व सच्ची ख़बरें हम सब तक पहुंचाता है। 40 वीं वर्षगांठ पर संपादक श्री सूर्यमणि रघुवंशी सहित संपादक मंडल व सभी संवाददाताओं को हार्दिक बधाई।



चिंगारी की 40 वीं वर्षगांठ पर केक काटकर जश्न मनाते नगर के व्यापारी, राजनेता व समाजसेवी

# सरस्वती पुस्तकालय के स्थापना दिवस पर कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया

## -स्व. रामनाथ सिंह राजपूत को मरणोपरांत वरिष्ठ कर्मठता सम्मान





**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के सरस्वती पुस्तकालय का 108 वां स्थापना दिवस रविवार को पुस्तकालय भवन में सम्मान समारोह एवं भजन संध्या के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईडीबीआई बैंक के ब्रांच मैनेजर ईश्वर पाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में बैंक के ऑपरेशन हेड शशि मौर्या रहे। अध्यक्षता सरस्वती पुस्तकालय के प्रधान अतुल माहेश्वरी ने की। सरस्वती पुस्तकालय के वरिष्ठतम सदस्य एवं पदाधिकारी रहे स्वर्गीय रामनाथ सिंह राजपूत को समर्पित इस भावपूर्ण आयोजन का संचालन पुस्तकालय के मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक प्रदीप डेजी ने किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि ने स्व. रामनाथ सिंह राजपूत को मरणोपरांत वरिष्ठ कर्मठता सम्मान 2025 उनके पुत्र मनमोहन सिंह राजपूत (राजू) एवं उनके परिवार को प्रदान किया गया। विशेष संरक्षक अरुण रंधर व आदेश गुप्ता को एवं आजीवन सदस्य, विष्णु चंद गुप्ता व लक्ष्मण प्रसाद तनेजा को उनकी सेवाओं के लिए शॉल, सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। भजन संध्या के अंतर्गत प्रसिद्ध गायक मोहन कुमार ने कई सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि को अभय सिंघल व हार्दिक सिंघल के सौजन्य से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पंकज अग्रवाल व अनुज मिश्रा के सौजन्य से प्रधान अतुल माहेश्वरी व मंत्री प्रदीप डेजी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पुस्तकालय के दोनों कर्मचारी कृष्ण कुमार शर्मा व मनोज शर्मा को अनुज मिश्रा के सौजन्य से गिफ्ट के रूप में धनराशि भेंट दी गई। पुस्तकालय परिवार की कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, निरीक्षक पंकज अग्रवाल, उपमंत्री सुरेंद्र जेटली एवं अंतरंग सदस्य जितेंद्र जैन, शिव कुमार अरोड़ा, गिरीश चंद्र सिंघल, लवी अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल, अभय सिंघल, हार्दिक सिंघल व विदित सिंघल की उपस्थिति रही। शहर के सम्मानित लोगों में राजेंद्र टंडन गोल्डी, राजीव अग्रवाल बर्तन वाले, संजीव अग्रवाल, संजीव माहेश्वरी, विनोद मित्तल, मुकेश सिन्हा, राकेश शर्मा, विनय कौशिक, हरिओम सिंघल, कुलदीप सिंह, रीता राजपूत, करुणा शर्मा, देवांशी राजपूत, मनमोहन राजपूत राजू, मनोज शर्मा, दीपक शर्मा, रविंद्र काकरान, प्रभात जाखेटिया, मुकेश शर्मा, दिनेश खन्ना, नीरज सिंघल, अरविंद कुमार, राहुल वर्मा, दीपक अग्रवाल, नौशाद मुल्तानी, सोनू आदित्य, बाबर मुल्तानी उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** सरस्वती पुस्तकालय, नजीबाबाद के 108 वें स्थापना दिवस पर रविवार को प्रात पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सुरेंद्र जेटली ने किया। प्रदर्शनी में पुस्तकालय की काफी दुर्लभ पुस्तकें प्रदर्शित की गई। प्रधान अतुल माहेश्वरी, उप प्रधान अनुज मिश्रा, निरीक्षक पंकज अग्रवाल, उपपुस्तकाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, अंतरण सदस्य जितेंद्र जैन, शिव कुमार अरोड़ा, गिरीश सिंघल, एड. पवन सिंह, अभय सिंघल, हार्दिक सिंघल उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में सुनील अग्रवाल की उपस्थिति रही। संचालन मंत्री एवं संयोजक प्रदीप डेजी ने किया। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई दी।



पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते सुरेंद्र जेटली।

# अर्द्धकुंभ का बजट ठिकाने लगाने का खेल शुरू

## सिंचाई विभाग ने 22 करोड़ के चार घाट बनाये, गंग नहर में समाये, अब लीपापोती की तैयारी

**नरेश गुप्ता**

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** तीर्थनगरी में 20 दिन पूर्व 22 करोड़ की लागत से बनाये गए चार घाट गंग नहर के जल में विसर्जित हो गए हैं, उत्तराखंड सिचाई विभाग द्वारा इन घाटों का निर्माण कराया गया था। हरिद्वार में प्रतिवर्ष उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग दशहरा के दिन हरिद्वार से लेकर कानपुर तक जाने वाली गंग नहर को मरम्मत व सफाई के नाम पर बन्द करता है। दीपावली के दिन गंग नहर में जल छोड़ा जाता है। इस अवधि में नहर के अंदर व किनारे कार्य किये जाते है।

अर्ध कुंभ अपर मेला अधिकारी दयानन्द सरस्वती के अनुसार सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बात हो गई है, मात्र 10 मीटर का टुकड़ा क्षतिग्रस्त हुआ है, वो तीन दिन में ठीक हो जायेगा।

गंग नहर बन्दी के दौरान 22 करोड़ की लागत से बनाये गए चार घाटों के टूटने, या बह जाने की जानकारी उत्तराखंड सिचाई विभाग के कारिंदों को पता नहीं चली। जब सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होने लगीं, तब मेला अधिकारी सोनिका जी ने सिंचाई विभाग की इस करतूत का संज्ञान लिया और घाटों का निरीक्षण कर घाट ठीक करने के आदेश सिचाई विभाग को दिये।



हरिद्वार में आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान के लिये बनाये गए चार घाट जो 22 करोड़ की लागत से बनाये गए थे, श्रद्धालुओं के स्नान से पूर्व ही गंगा स्नान कर गए। अब इन घाटों के ठीक हो जाने की बात दयानन्द सरस्वती जी कह रहे हैं। लेकिन घाट कैसे ठीक होंगे, इसका जवाब भी उनके पास यही है कि सिचाई विभाग ने बताया है। वे यह भी कहते है कि इसकी जांच थर्ड पार्टी जांच समिति से भी कराई जा सकती है।

### कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई

विगत 40 वर्षों में 3 कुंभ व 3 अर्ध कुंभ हरिद्वार में मैने भी देखे है। हर कुम्भ में अनियमितताओं को लेकर थर्ड पार्टी जांच समिति से जांच कराए जाने की बात कही जाती है, लेकिन पिछले किसी भी कुंभ व अर्ध कुंभ में हुई अनियमितताओं की किसी भी जांच पर आज तक किसी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### आगे-आगे देखिये होता है क्या?

2027 में हरिद्वार में अर्ध कुंभ लगना है, इसलिए बनाये गये घाटों की गुणवत्ता पर लोगों की नजर पड़ गई है और यह जो करोड़ों रुपए की लागत से घाट बनाए गए थे वह पानी में बहते हुए साफ-साफ दिखाई दे रहे हैं। अब इन घाटों के नाम पर जो धनराशि डकारी गई है, उसका हिसाब कौन देगा, कहा नहीं जा सकता। अभी तो ये मेला कार्यों का श्री गणेश है, आगे-आगे देखिये होता है क्या? मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेले के लिए केंद्र सरकार से भारी भरकम धनराशी मांगी है, अधिकारी उस पर निगाह लगाए बैठे है, कब माल आये और हम ठिकाने लगाए।

## भरत मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने दमखम दिखाया जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाया



### प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विद्यालयी जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भाऊवाला देहरादून में श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज के पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य यमुना प्रसाद त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया। पदक विजेता खिलाड़ियों में अंडर 17 आयु वर्ग में आशीष ने 200 मीटर व 400 मी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं चार गुना 100 रिले रेस और 4,400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में अर्जुन त्यागी ने 200 मीटर और 400 मी रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं चार गुना 100 मीटर रिले रेस 4,400 मीटर रिले रेस में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में जितेश कुमार ने 800 मीटर रेस में एवं चार गुना 400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालक वर्ग में रचित कुमार ने 110 मीटर बाधा दौड़ में एवं 400 मीटर बाधा दौड़ में तथा 4,100 और 4,400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में सौरभ चमोली ने ऊंची कूद में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं चार गुना 100 रिले रेस 4,400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में शिवम कुमार ने क्रॉस कंट्री में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं चार गुना 100 मीटर एवं 4,400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 बालक वर्ग में ऋषभ सकलानी ने क्रॉस कंट्री में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं चार गुना 100 मीटर रिले रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों को प्रार्थना सभा प्रधानाचार्य यमुना प्रसाद त्रिपाठी ने मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता जितेंद्र बिष्ट, शिव प्रसाद बहुगुणा, रंजन अंथवाल, जयकृत रावत, नवीन मैंदोला, संजीव चौधरी, सुनील दत्त थपलियाल, खेल प्रशिक्षक विकास नेगी एवं खेल कोच एथलेटिक्स प्रवीन रावत आदि उपस्थित रहे।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

## उत्तराखण्ड यूथ कांग्रेस के चुनावों की प्रक्रिया प्रारंभ

### 31 अक्टूबर तक किया जायेगा ऑनलाइन नामांकन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को आयोजित बैठक में उत्तराखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस चुनावों को लेकर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से नामित जोनल रीजनल आफिसर यूथ कांग्रेस हरियाणा के वरिष्ठ पदाधिकारी एडवोकेट नरेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से संगठन में नए चेहरों को मौका दिया जा रहा है। कहा कि कोटद्वार यूथ कांग्रेस सहित यमकेश्वर व लैंसडौन जिलाध्यक्षों के साथ ही यमकेश्वर, दुगड्डा, कालागढ़, द्वारीखाल, जयहरीखाल, नैनीडांडा व रिखणीखाल ब्लाक अध्यक्ष के चुनाव के लिए 31 अक्टूबर तक आनलाइन नामांकन होगा। उम्मीदवार अपने क्षेत्र और जिले के लिए ही नामांकन कर पायेगा। उसका जन्म 26 अक्टूबर 1989 से 24 अक्टूबर 2005 के बीच होना चाहिए। कहा कि संगठन को मजबूत बनाना सभी कार्यकर्ताओं का उद्देश्य होना चाहिए। यह तभी संभव है जब सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन के लिए कार्य करें। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं को चुनाव संबंधी नियमावली की प्रतियां भी दी गई। इस अवसर पर एनएसयूआइ कोटद्वार जिलाध्यक्ष भारत भूषण शाह, यूथ कांग्रेस विधान सभा कोटद्वार अध्यक्ष शुभम रावत, प्रदीप नेगी, पंकज बिष्ट, विपिन अधिकारी और बलबीर सिंह रावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नार्थ कार्बेट रिजार्ट का कोई पुरसा हाल नहीं

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नागरिक मंच ने जीएमवीएन के कौड़िया स्थित फ्लशडोर फैक्टरी परिसर में उत्तराखंड विकास परिषद के ड्रीम प्रोजेक्ट नॉर्थ कार्बेट रिजार्ट की उचित देखभाल और संचालन की मांग उठाई है। इस संबंध में शनिवार को जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में नागरिक मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट ने कहा कि विभाग की देखरेख के अभाव में रिजार्ट खंडहर में तब्दील हो चुका है। प्रशासन और सरकार को करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हुए इस प्रोजेक्ट की देखरेख में लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। वर्षाकाल के बाद अब पूरे जिले में पर्यटन गतिविधियां शुरू हो गई हैं, ऐसे में इस रिजार्ट की सुध लेकर इसे संचालित किया जाना चाहिए।

## श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाया



कोटद्वार के गोविंद नगर स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित श्री श्याम जन्मोत्सव में भजनों की प्रस्तुति देते भजन गायक और उपस्थित जनता।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से शनिवार देर शाम को गोविंद नगर स्थित एक बारातघर के सभागार में श्री श्याम जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर भजन गायकों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का आरंभ मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला, विधान सभा अध्यक्ष के जन संपर्क अधिकारी मनीराम शर्मा और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से बाबा की जोत प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात बिजनौर से पधारी भजन गायिका आकांक्षा मित्तल व वृंदावन धाम से पधारे भजन गायक अमन मिश्रा ने भजनों के माध्यम से श्री श्याम प्रभु, बालाजी महाराज व सिद्धबली बाबा की महिमा का गुणगान कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत भजनों साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा, मैं हार जाऊं ये हो नहीं सकता, बेटा अगर दुख में हो तो पिता सो नहीं सकता, की प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए। मध्य रात्रि में बाबा के जन्मोत्सव का केक काटा गया एवं पुष्प वर्षा की गई और सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर वीरेंद्र रावत, राजेंद्र अन्थवाल, प्रमोद रावत, कृष्ण कुमार कंसल जी, विनोद सिंघल, पं. राम प्रकाश शर्मा, समिति संरक्षक रतन अग्रवाल, अध्यक्ष सुनील कर्णवाल और संजय मित्तल सहित समिति के सभी सदस्य और आमजन मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

मिशनरी पत्रकारिता का प्रतीक लोकप्रिय अख़बार

सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई/शुभकामनाएं

एवं निष्पक्ष व ईमानदारी के साथ पत्रकारिता का 30 वर्ष का लम्बा सफ़र पूरा कर लेने पर


संस्थापक
बाबूसिंह चौहान


संपादक
सूर्यमणि रघुवंशी

वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रमुख समाजसेवी

एस.एम. असलम

को लख-लख बधाइयां


एस.एम. असलम
वरिष्ठ पत्रकार

शुभाकांक्षी



रन्जीत पवार

जिला उपाध्यक्ष



अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत

निवास/कार्यालय- गौहर अली खां, अफजलगढ़ (बिजनौर)

लोकप्रिय सांध्य दैनिक समाचार-पत्र चिंगारी

के निरन्तर प्रकाशन के गौरवशाली

40 वर्ष पूर्ण होने पर


संस्थापक
बाबूसिंह चौहान


संपादक
सूर्यमणि रघुवंशी



आप सभी को हमारी ओर से

हार्दिक शुभकामनाएं


स. विक्रम सिंह
कोषाध्यक्ष


सुख चैन सिंह
सचिव


गौरव गुप्ता
प्रचार सचिव


एस.एम. असलम
अध्यक्ष

आदर्श प्रेस क्लब अफ़ज़लगढ़

जनपद-बिजनौर, उत्तर प्रदेश